www.epaper.azadsipahi.in

14 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 56

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नये अध्यक्ष होंगे






# मुझे जो ठीक लगता है, मैं करता हूं: सरयू राय

सरयू राय और राकेश सिंह के बीच पॉडकास्ट को सुनाने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।


मुझे जो ठीक लगता है, मैं करता हूं। यह मेरा स्वभावगत दोष है कि अगर कुछ गलत होता देखता हूं, तो वोकल हो जाता हूं। यह नहीं देखता कि इसका मेरे करियर पर क्या असर होगा।

## एक कसक जो आज भी मेरे दिल में है...

*मेरे जीवन की सबसे दुखद घटना है, जिसे मैं कहीं कहता नहीं हूं... और यह बताते हुए सरयू राय की आंखें नम हो जाती हैं। वह बताते हैं, पिता की शिवसागर स्टेशन पर ट्रेन छूटी। उसके बाद आज तक उनका पता नहीं चल पाया। आज तक कसक है... और उनकी आवाज भरभरा जाती है। फिर रूंधे गले से कहते हैं: ये कसक आज भी मेरे दिल में है। इस कारण यूपीएससी नहीं कर पाया।*




इस पॉडकास्ट में सरयू राय ने अपने जीवन से जुड़ी कई यादों और घटनाक्रमों को साझा किया है। सरयू राय ने पूरी बेबाकी और दिल खोलकर **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह** से बातचीत की है। उन्होंने पहली बार अपने जीवन में घटित सबसे दुखद घटना का जिक्र किया। जब उनके पिता की ट्रेन शिवसागर स्टेशन पर छूट गयी और उसके बाद उनका कभी भी पता नहीं चल पाया। दिन-रात सरयू राय अपने पिता को देश के एक कोने से दूसरे कोने तक ढूंढ़ते रहे। लेकिन वह कभी मिल नहीं पाये। 'खोज शुरू की, गया से लेकर मुगलसराय के बीच हर स्टेशन पर ढूंढा, बनारस से लेकर ऋषिकेश तक, सनातन धर्म के हर मठ, अखाड़े छान मारे, लेकिन कहीं पता नहीं चला।' इस कारण उन्हें बीच में ही यूपीएससी की तैयारी भी छोड़नी पड़ी। इस पॉडकास्ट में सुनिए कैसे सरयू राय ने इमरजेंसी के दौरान भूमिगत रहते हुए काम किया। उन्होंने नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के साथ रिश्तों के बारे में बताया। कैसे आरएसएस के साथ उनका मतभेद हुआ, वह भी बताया। बहुचर्चित पशुपालन घोटाला को उजागर करने में अपनी भूमिका को साझा किया। 2019 के विधानसभा चुनाव से पूर्व में उनके खिलाफ हुई साजिश के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। उस दौरान कैसे लालू यादव ने सरयू राय को फोन कर अपना समर्थन दिया, उसके बारे में जानकारी दी, जो हर किसी को जानना चाहिए। इस पोडकास्ट को आजाद सिपाही के यू-ट्यूब चैनल पर देख सकते हैं।




## मुख्यमंत्री बिना सुरक्षा शहर में निकले


# नागरिकों को मिले हर सुविधा : हेमंत सोरेन

- हेमंत सोरेन ने शहर का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिना किसी सुरक्षा काफिले और पूर्व सूचना के रांची शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और नगर आयुक्त सुशांत गौरव मौजूद थे।

**यातायात, सफाई और नागरिक सुविधाओं की ली जानकारी:** मुख्यमंत्री ने यातायात व्यवस्था, पैदल यात्रियों की सुविधा, साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्थिति तथा नागरिक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि शहरवासियों को इज ऑफ लीविंग (जीवन जीने में असानी) और आवागमन को बेहतर बनाने के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाये जायें।



### रांची को सुरक्षित और खुशहाल शहर बनाना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रांची को एक सुरक्षित, समावेशी और खुशहाल शहर के रूप में विकसित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजनाओं का असर कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिये और हर वर्ग के नागरिक को इसका लाभ मिलना चाहिये।

### आम लोगों की जरूरतों को दी जाये प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शहर विकास से जुड़े कार्यों में आम लोगों की जरूरतों और सुझावों को प्राथमिकता दी जाये, ताकि रांची रहने, चलने और काम करने के लिहाज से वास्तव में एक बेहतर शहर बन सके।

## कोलकाता में फुटबालर लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान भारी हंगामा


# मेसी को नहीं देख पाने से गुस्साए दर्शकों ने स्टेडियम में की तोड़फोड़

- मुख्यमंत्री ममता ने मेसी और उनके प्रशंसकों से मांगी माफी
- सरकार ने घटना की जांच के लिए कमेटी गठित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में शनिवार दोपहर अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोनेल मेसी के सम्मान समारोह के दौरान भारी हंगामा हुआ। मेसी को ठीक से नहीं देख पाने से गुस्साए हजारों दर्शकों ने स्टेडियम में पानी की बोतलें फेंकी और तोड़फोड़ की। घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी और दुख जताया है। उन्होंने इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी।

**सुरक्षा कारणों से निर्धारित समय से पहले निकले:** प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसी को सुरक्षा कारणों से निर्धारित समय से पहले स्टेडियम से निकालकर ले जाया गया। उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। जिसमें कई लोग जख्मी हो गये। मेसी के स्टेडियम की परिक्रमा करने के दौरान हंगामा शुरू हुआ। दर्शकों का आरोप है कि मेसी को करीब 100 लोगों ने घेर रखा था, जिसके कारण वे उन्हें देख नहीं पा रहे थे। उन्होंने हजारों रुपये खर्च करके टिकट खरीदा था। इसके अलावा खेल मंत्री अरूप बिस्वास और अन्य वीवीआइपी पर भी आरोप लग रहे हैं।



### मेसी से मिलने जा रही ममता रास्ते से लौटीं

उधर, समारोह में शामिल होने जा रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बीच रास्ते से लौट गयी। घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रतिक्रिया दी। ममता ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान जिस तरह की अव्यवस्था और कुप्रबंधन देखने को मिला, उससे वह बेहद आहत और स्तब्ध हैं। यह घटना राज्य सरकार और आयोजन से जुड़े सभी लोगों के लिए शर्मनाक है और ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होनी चाहिये।

### सरकार ने जांच के लिए गठित की कमेटी

बंगाल सरकार ने घटना की जांच को पूर्व न्यायाधीश असीम कुमार रे के नेतृत्व में कमेटी गठित की है। इसमें राज्य के मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव भी शामिल हैं। यह जांच समिति यह तय करेगी कि अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन था। भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिये।

## असम में वायुसेना का पूर्व अफसर जासूसी में गिरफ्तार

गुवहाटी। असम के सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है। पुलिस को खुफिया इनपुट मिली थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े लोगों के संपर्क में था।

# बैलेट पेपर से होगा झारखंड में नगर निकाय चुनाव

## राज्य निर्वाचन आयोग ने लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बैलेट पेपर के जरिये शहर की सरकार चुनी जायेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। यह फैसला राज्य निर्वाचन आयोग ने इवीएम की अनुपलब्धता के कारण लिया है। आयोग को जितनी संख्या में इवीएम की जरूरत है, उस हिसाब से राज्य में इवीएम नहीं है।

**आयोग के पास कोई दूसरा रास्ता नहीं:** राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि हमारे से पास जो इवीएम है, उसकी आयु समाप्त हो चुकी है। दूसरे राज्यों ने भी इवीएम देने से इनकार कर दिया है। नये इवीएम के लिए कंपनी ने एक साल का समय मांगा है। ऐसी स्थिति में बैलेट पेपर के जरिये मतदान कराने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। इसलिए आयोग ने यह निर्णय लिया है।


**अलग-अलग रंग में दिखेगा बैलेट पेपर:** नगर निकाय चुनाव में बैलेट पेपर अलग-अलग रंगों में रहेगा। अध्यक्ष के लिए अलग रंग का बैलेट पेपर रहेगा। वहीं वार्ड सदस्य के लिए अलग रंग का बैलेट पेपर। मतदाता को मतदान के दौरान दो बैलेट पेपर मिलेगें। अलग-अलग बैलेट बॉक्स में इसे डालना होगा।

**बैलेट बॉक्स उपलब्ध, पेपर प्रिंट के लिए चयन शुरू:** आयोग के सचिव ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में बैलेट बॉक्स उपलब्ध हैं। बैलेट बॉक्स की रंगाई-पुताई की जा रही है। बैलेट पेपर की छपाई के लिए प्रिंटिंग प्रेस के चयन की तैयारी आयोग ने शुरू कर दी है। बैलेट पेपर स्थानीय स्तर पर यानी रांची में ही प्रिंट कराने का निर्णय लिया गया है। प्रिंटिंग प्रेस का चयन किया जा रहा है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# नेतरहाट : झारखंड का सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन, प्रकृति और विरासत का संगम

## मैग्नोलिया प्वाइंट की अमर प्रेम कथा वादियों में सुनायी देती है

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड के लातेहार जिले में स्थित नेतरहाट को 'छोटानागपुर की रानी' कहा जाता है। घने देवदार के जंगल, लगातार बदलते मौसम की चादर, पहाड़ियों का उतार-चढ़ाव, झरनों की मनमोहक ध्वनि, ठंडी हवा की ताजगी और आसमान से उतरती बादल सब मिलकर नेतरहाट को एक ऐसा अनोखा स्थल बनाते हैं, जहां पहुंचते ही मन प्रकृति की गोद में समा जाता है। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 150 किलोमीटर दूर यह स्थान उन यात्रियों के लिए स्वर्ग है जो भीड़ भाड़ से दूर एक शांत, सौम्य और प्राकृतिक वातावरण में समय बिताना चाहते हैं। नेतरहाट की वादियों में ली गयी तस्वीरें खुद-ब-खुद दिखा देती हैं कि यह जगह क्यों इतनी मशहूर है। ऊंचे देवदार के पेड़, बादलों से ढंकी घाटियां, पहाड़ियों पर उगता सूरज और डूबते सूरज का सुनहरा नजारा यहां आने वाले हर व्यक्ति के दिल पर छाप छोड़ देता है। यहां के दो प्रमुख झरने ऊपरी घाघरी और निचली घाघरी पर्यटकों को खासतौर पर आकर्षित करते हैं। इन झरनों के पास झरनों का शोर, चारों ओर फैला घना जंगल और पत्थरों के ऊपर गिरते पानी की चमक देखने लायक होती है।

### मैग्नोलिया और चरवाहे की अमर प्रेम कहानी

नेतरहाट की सबसे चर्चित और भावनात्मक ऐतिहासिक कहानी है–मैग्नोलिया नाम की एक अंग्रेज लड़की और एक स्थानीय आदिवासी चरवाहे के प्रेम की। यह कहानी ब्रिटिश शासन काल की है, जब नेतरहाट अंग्रेज अधिकारियों का पसंदीदा विश्राम स्थल हुआ करता था। कहा जाता है कि मैग्नोलिया, जो एक अंग्रेज अधिकारी की बेटी थी, अक्सर नेतरहाट की वादियों में घूमने जाती थी। वहीं एक दिन उसने पहाड़ी पर बैठकर बांसुरी बजाते एक आदिवासी चरवाहे को देखा। उसकी बांसुरी की धुन इतनी मधुर थी कि मैग्नोलिया उस संगीत की ओर खिंची चली आयी। धीरे-धीरे दोनों की मुलाकातें बढ़ने लगीं और मैग्नोलिया हर शाम सनसेट प्वॉइंट पर उससे मिलने पहुंचने लगी। उन मुलाकातों ने दोस्ती को प्यार में बदल दिया।

लेकिन यह प्रेम अंग्रेज अधिकारी को मंजूर नहीं था। एक अंग्रेज लड़की और एक स्थानीय आदिवासी युवक का रिश्ता समाज के लिए उस समय अस्वीकार्य माना जाता था। जब चरवाहे ने मैग्नोलिया से दूर जाने से इनकार किया, तो अधिकारी ने गुस्से में उसकी हत्या करवाने का आदेश दे दिया। बांसुरी की धुन जो कभी वादियों में गूंजती थी, अचानक हमेशा के लिए खामोश हो गयी। चरवाहे की मौत की खबर सुनकर मैग्नोलिया टूट गयी। वह उसी स्थान पर गयी, जहां वह रोज सूरज ढलने के साथ अपने प्रेमी से मिलती थी और अपने घोड़े सहित पहाड़ से छलांग लगा दी। यहीं आज मैग्नोलिया प्वाइंट नामक स्थान है, जहां उनकी प्रतिमाएं लगी हैं और लोग आज भी इस अमर प्रेम कथा को याद करने आते हैं। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय पूरे माहौल में एक जादुई शांति छा जाती है, मानो वादियां अब भी उस बांसुरी की करुण धुन सुनाती हों।

### प्राकृतिक पर्यटन का सबसे खूबसूरत ठिकाना

नेतरहाट न केवल अपनी प्रेम कहानी और इतिहास के लिए बल्कि अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यह छोटानागपुर पठार का सबसे



ऊंचा क्षेत्र है और यहां का मौसम साल भर सुहावना रहता है।

### सनराइज और सनसेट प्वाइंट

नेतरहाट का सबसे बड़ा आकर्षण है यहाँ का सूर्योदय और सूर्यास्त। मैग्नोलिया प्वाइंट पर डूबते सूरज का दृश्य ऐसा लगता है जैसे सुनहरी किरणें पहाड़ियों पर नजाकत से गिर रही हों। सुबह की धुंध, हवा की ताजगी और उगते सूरज की चमक दिल में बस जाती है।

### ऊपरी और निचली घाघरी जलप्रपात

घने जंगलों से घिरे ये झरने प्राकृतिक सौंदर्य का अनमोल खजाना हैं। इनमें गिरते पानी की आवाज और आसपास की हरियाली मन को शांत कर देती है।

### आदिवासी संस्कृति की पहचान

यह क्षेत्र बिरहोर, उरांव और बिरजिया जैसी जनजातियों का निवास स्थान है। उनकी जीवनशैली, पारंपरिक संगीत, लोककथाएं और संस्कृति यहां के पर्यटन को और भी समृद्ध बनाती हैं।

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रतिभा का केंद्र

नेतरहाट की पहचान केवल प्राकृतिक सुंदरता या प्रेम कहानी तक सीमित नहीं है। यहां स्थित नेतरहाट आवासीय विद्यालय देश के सबसे प्रतिष्ठित गुरुकुल-शैली के शिक्षण संस्थानों में से एक है। यहां प्रवेश पूर्ण रूप से योग्यता आधारित होता है और दशकों से इस संस्थान ने आइएएस, आइपीएस और अनेक प्रतिष्ठित अधिकारी तैयार किये हैं। विद्यालय की शिक्षा प्रणाली अनुशासन, समर्पण, कौशल और सर्वांगीण विकास के लिए जानी जाती है। इतिहास गवाह है कि देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर बैठे कई अधिकारी नेतरहाट विद्यालय की देन हैं।

### ऐतिहासिक धरोहर-शैले हाउस

नेतरहाट का एक और महत्वपूर्ण आकर्षण है–शैले हाउस, एक पुराना ब्रिटिश बंगला। ब्रिटिश शासन काल के दौरान यह बंगला अंग्रेज अधिकारियों का पसंदीदा ठहराव स्थल हुआ करता था। यह भवन आज भी उस दौर की वास्तुकला, इतिहास और झारखंड की प्राचीन विरासत को अपने भीतर समेटे हुए खड़ा है।

इसकी दीवारें जैसे उस समय की कहानियां सुनाती हैं–एक ऐसा समय जब अंग्रेज अधिकारी यहां की वादियों की खूबसूरती से प्रभावित होकर महीनों ठहर जाया करते थे।

### नेचर हार्ट से नेतरहाट तक

प्राचीन समय में इस क्षेत्र को नेतरहातु कहा जाता था, जिसका अर्थ है–बांस के जंगलों वाला क्षेत्र। बाद में अंग्रेजों ने इसे नेचर हार्ट कहा, क्योंकि यह प्रकृति का दिल जैसा लगता था। फिर धीरे-धीरे उच्चारण बदलते-बदलते यह नेतरहाट बन गया। यह नाम अपने आप में ही इस क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

### कैसे पहुंचें और कब जायें

रांची और डाल्टनगंज से नेतरहाट पहुंचना बेहद आसान है।

**रांची से दूरी:** लगभग 150 किमी

**सड़क मार्ग :** खूबसूरत घुमावदार पहाड़ी सड़कों से होकर जाता है।

दिसंबर और जनवरी इस दौरान मौसम ठंडा और साफ रहता है, जिससे सूर्योदय-सूर्यास्त और झरनों के नजारे बेहद खूबसूरत दिखते हैं।

### नेतरहाट जंगल सफारी का शुभारंभ

नेतरहाट में हाल ही में जंगल सफारी का भी शुभारंभ किया गया है, जिसने पर्यटन को नयी दिशा दे दी है।

सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सफारी का किराया 300 रुपये तय किया गया है। यह सफारी पर्यटकों को जंगलों की गहराई में ले जाती हैं, जहां हिरण, जंगली खरगोश, पक्षियों की रंग-बिरंगी प्रजातियां और प्राकृतिक पेड़-पौधों की अनोखी दुनिया का नजदीक से आनंद उठा सकते हैं।

जंगल की खामोशी, पत्तों की सरसराहट, दूर कहीं से आती पक्षियों की आवाज, और पुरानी कथाओं में बसी पहाड़ी हवाएं–ये सब मिलकर एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती हैं।

### नेतरहाट केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, एक अनुभव है

प्रकृति का सौंदर्य, इतिहास की गहराई, प्रेम की अमर कथा, शिक्षा की ऊंचाई, सांस्कृतिक विविधता और जंगलों की जादुई दुनिया।

यह सब मिलकर नेतरहाट को झारखंड ही नहीं, पूरे भारत का सबसे अनूठा और यादगार स्थान बनाते हैं।

---

## संजय सेठ के सवालों पर रेल मंत्रालय का जवाब

# वंदे भारत ट्रेनें स्वदेशी, तेज और सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा में रक्षा राज्य मंत्री ने वंदे भारत ट्रेनों को लेकर रेल मंत्री से चार अहम सवाल पूछे थे।

सवाल इस प्रकार हैं-

1. क्या सरकार मेक इन इंडिया के तहत वंदे भारत ट्रेनों के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा दे रही है?

2. वर्तमान में कितने रूटों पर अर्ध-उच्च गति (सेमी हाई स्पीड) वाली वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और भविष्य में इनके विस्तार की क्या योजना है?

3. वंदे भारत ट्रेनें यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और क्षेत्रीय संपर्क को किस तरह बेहतर बना रही हैं?

4. ऐसी आधुनिक रेल अवसंरचना शुरू होने से रोजगार, सप्लाई चेन और पर्यटन को क्या लाभ मिल रहे हैं?

इन सवालों के जवाब में रेल मंत्रालय ने वंदे भारत ट्रेनों की स्वदेशी निर्माण प्रक्रिया, विस्तार योजना, यात्री सुविधाओं और इसके आर्थिक लाभों की जानकारी दी। रेल मंत्रालय ने बताया कि वंदे भारत ट्रेनें पूरी तरह भारत में ही बनायी जा रही हैं। नवंबर 2025 तक भारतीय रेल की उत्पादन इकाइयों ने 94 वंदे भारत चेयरकार ट्रेनें तैयार कर ली हैं। लंबी दूरी के यात्रियों के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का नया डिजाइन भी तैयार किया गया है, जिसकी कुछ ट्रेनें अभी परीक्षण और कमीशनिंग के चरण में हैं।



फिलहाल देशभर में 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। ये ट्रेनें दिल्ली, वाराणसी, जम्मू, कटरा, श्रीनगर, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, नागपुर, पटना, गया, हावड़ा समेत कई प्रमुख शहरों और धार्मिक-पर्यटन स्थलों को जोड़ रही हैं। आगे नयी वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने की योजना है, जो ट्रैक क्षमता और रूट की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। साथ ही सुविधाओं की बात करें तो यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए वंदे भारत ट्रेनों में आधुनिक सुविधाएं जैसे मजबूत कोच, ऑटोमैटिक दरवाजे, आपातकालीन अलार्म, बेहतर अग्नि सुरक्षा, सभी कोचों में सीसीटीवी, आरामदायक सीटें, दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष शौचालय और केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली शामिल हैं। इन ट्रेनों को 160 से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के अनुसार डिजाइन किया गया है। रेल मंत्रालय ने यह भी कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के स्वदेशी निर्माण से देश में रोजगार के नये अवसर पैदा हुए हैं। कोच निर्माण, पुर्जों की आपूर्ति, रखरखाव और तकनीकी सेवाओं में काम बढ़ा है। आयात पर निर्भरता कम हुई है और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती मिली है। साथ ही, बेहतर और तेज रेल संपर्क से पर्यटन, उद्योग और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिला है।

---

# कल्याण विभाग में 12 करोड़ से अधिक की हुई फर्जी निकासी




मो. यासार आराफात

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग के नाम से फर्जी एडवाइस बनाकर बैंक से 12 करोड़ 66 लाख की फर्जी निकासी मामले में नगर थाना की पुलिस रेस हो गयी है। पुलिस ने मामले को लेकर तीन व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी बबलू कुमार शनिवार को आइटीडीए कार्यालय पहुंचे। आइटीडीए निर्देशक से मामले की जानकारी लिया। आइटीडीए निदेशक ने ही करोड़ों की फर्जी निकासी मामले में तीन पन्नों की शिकायत दर्ज करायी है। आइटीडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का से मामले की जानकारी को लेकर कहा कि पिछले साल 2024 के नवंबर महीने से अब तक के बैंक रिकॉर्ड की बारीकी से जांच हुई है। जिसके आधार पर 12 करोड़ 66 लाख 33 हजार 600 रुपये की फर्जी निकासी की बात सामने आयी है। इससे पूर्व में भी अगर फर्जी निकासी हुई होगी तो रिकॉर्ड देखने के बाद ही पता चल पायेगा। इसमें बैंक कर्मियों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। आइटीडीए निदेशक ने यह भी बताया कि जो आउट सोर्सिंग कर्मी हैं, उन्हें तो बर्खास्त कर दिया जायेगा और जो विभागीय कर्मचारी हैं, विभाग के आदेश के बाद ही कार्रवाई होगी। इस गड़बड़ी की जांच विभाग के कर्मी राकेश रंजन सोरेन, मो. तहसीन और मो. इर्तिका के द्वारा की गयी। जिसमें कई एडवाइस में दर्ज पत्र संख्या, तिथि और निर्गत पंजी आपस में मेल नहीं खा रहे थे। इसी आधार पर गड़बड़ी की पुष्टि हुई।

**इन पर हुई एफआइआर**

फर्जी एडवाइस के जरिए करोड़ों की निकासी मामले में जिन लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया गया है, उनमें कार्यालय अधीक्षक मानवेंद्र झा, कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार केवट, अनुसेवक अक्षय रविदास, अन्य खाताधारी, लाभुक, फर्म, मुकेश कुमार, मिथु कुमार झा, मिंटू कुमार मिश्रा, शिव इंटरप्राइजेज, विप्लव साहा, वीणा देवी, निरंजन कुमार मिश्रा, पूर्णिमा कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीतम कुमार झा, प्रदीप कुमार झा, प्रताप रविदास, मनीषा मुर्मू, ज्ञानी देवी, राजेश कुमार दास, संगीता कुमारी, साहा इंटरप्राइजेज, चंदा देवी, अरुण कुमार गुप्ता, अमित कुमार अमर, आदित्य कुमार कश्यप, गौरव कुमार और लालू भास्कर का नाम शामिल हैं।

---

# हरिहरगंज बनेगा बाल विवाह मुक्त प्रखंड

## 15 जनवरी 2026 तक लक्ष्य पूरा करने का संकल्प, उल्लंघन पर जुर्माना और जेल



प्रसिद्ध कुमार अंबेडकर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड को 15 जनवरी 2026 तक बाल विवाह मुक्त घोषित करने का संकल्प लिया गया है। इसे लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह के मामलों में दोषी पाये जाने पर एक लाख रुपये तक जुर्माना और दो साल की जेल की सजा होगी, जो अभिभावकों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों पर भी लागू होगी।

बैठक में सभी पंचायतों की समीक्षा के दौरान बाल विवाह का कोई मामला सामने नहीं आया, जबकि जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी के सदस्यों ने दो संभावित बाल विवाह को समय रहते रोकने की जानकारी दी। बीडीओ ने कहा कि गरीबी, शिक्षा की कमी और बाहर काम के दौरान होने वाले बाल विवाह को रोकना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं नीति आयोग के जिला परियोजना सहायक निरंजन कुमार गुप्ता ने बताया बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम संगठन स्तर पर कमिटी का गठन किया जायेगा। जिसमें मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड, आंगनबाड़ी सेविका और जेंडर सीआरपी के सदस्य शामिल रहेंगे। बाल विवाह को रोकने के लिए सभी विद्यालयों में किशोरीयों की 30 सदस्यीय बालिका समूह का गठन किया जायेगा। इसके साथ ही स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को फिर से शिक्षा से जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। जरूरतमंद परिवारों को कन्यादान योजना सहित सरकारी योजनाओं का लाभ, वहीं 18 वर्ष के बाद विवाह योग्य बेटियों को 30 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था की जायेगी। बैठक के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सरकारी कर्मियों और स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को शपथ दिलाते हुए हरिहरगंज को बाल विवाह मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गयी। मौके पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा, बाल विकास परियोजना पर्वेक्षिका सरस्वती देवी, सुमित्रा देवी, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, सतेंद्र भुइंया, सतेंद्र मेहता, पंचायत सेवक मुखदेव राम, मुन्ना कुमार, हीरा लाल यादव, जेएसएलपीएस के सीसी ममता कुमारी, रवि रंजन कुमार, पीआरपी जितेंद्र कुमार, ममता कुमारी और जेंडर सीआरपी, अग्रगति के सदस्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 8.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.21 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## सीएम के निर्देश पर गैस रिसाव मामले का उच्चस्तरीय निरीक्षण

# सरकार स्थिति का आकलन कर रही : मुख्य सचिव

**केंद्र सरकार, राज्य सरकार, बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय से निर्णय लिया जायेगा**

**मुख्य सचिव, प्रभारी डीजीपी और बीसीसीएल सीएमडी ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/बलियापुर।** केंदुआडीह क्षेत्र में गैस रिसाव की घटना को लेकर झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने प्रभावित इलाके का विस्तृत निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री को गैस रिसाव की सूचना मिलने के बाद उनके निर्देश पर यह दौरा किया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव के साथ प्रभारी डीजीपी तदास मिश्रा, बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल, धनबाद उपायुक्त, एसएसपी समेत कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। टीम ने गैस रिसाव से प्रभावित क्षेत्रों का आकलन किया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

**स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी:** मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि गैस रिसाव की घटना कुछ हद तक प्राकृतिक कारणों से भी जुड़ी हो सकती है। जिस पर पूर्ण नियंत्रण संभव नहीं होता। अब तक हुई तकनीकी प्रगति और उपलब्ध वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सभी पहलुओं का गहन अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग वर्षों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। इसलिए किसी भी समाधान में उनकी भागीदारी आवश्यक है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार वर्तमान स्थिति का आकलन कर रही है। लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाये, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किस प्रकार सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाये और गैस रिसाव का स्थायी समाधान कैसे निकाला जाये। इन सभी बातों को देखा जा रहा है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय से निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से संवाद कर समाधान निकालना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन की पूरी मशीनरी इस संकट से निपटने में जुटी हुई है। प्रशासन ऐसे विकल्पों पर विचार कर रहा है जिससे लोगों को न्यूनतम कठिनाई हो।

### लोगों के हित में कदम उठाना जरूरी: राज सिन्हा

मौके पर मौजूद धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि इस मामले को मैंने विधानसभा में उठाया था। मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें इस पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार का जरूर है, लेकिन यहां के प्रभावित लोगों की चिंता करना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। उन्होंने राज्य सरकार की एक हाइपावर कमिटी को यहां की वस्तुस्थिति को जानने के लिए भेजने का आग्रह किया गया था, ताकि वह खुद लोगों को सुने और यहा की स्थिति को जान कर प्रभावित लोगों के कल्याण का रास्ता तैयार कर सकें। वहीं ज़िला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने केंदुआडीह वासियों के हितों की रक्षा और दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई के लिए बातचीत की।

# उसरी वाटर फॉल का 10 करोड़ से होगा विकास : सुदिव्य सोनू



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हिंदी ,बांग्ला की कई सुपरहिट फिल्मों के आउटडोर शूटिंग के गवाह रहा उसरी वाटर फॉल दस करोड़ की लागत से इको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

शनिवार को मंत्री शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं जैसे टूरिस्ट हट, पार्क और शौचालय का निर्माण होगा। साथ ही वाटर फॉल को प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र बनाने की घोषणा की गयी है। ताकि पर्यावरण संतुलित और स्वच्छ रहे और आनेवाले पर्यटकों को अच्छा अनुभव मिले। मौके पर मंत्री ने बदलाव को लेकर विस्तार से अपनी योजना को साझा किया। इस दौरान डीएफओ मनीष तिवारी ने कहा कि दो वाच टावर बनाये जाने हैं। इसमें पर्यटक पूरे पिकनिक स्पॉट की सुंदरता निहार सकते हैं। पर्यटकों के लिए शौचालय निर्माण के साथ कैफेटेरिया का निर्माण होना है।

पर्यटकों का वेलकम प्रवेश द्वार के साथ होगा। बच्चों के लिए झूले लगने हैं। इलेक्ट्रिक वाहन भी चलाये जायेंगे। कार्यक्रम में जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह सहित वाटर फॉल सुरक्षा समिति के सदस्य पार्टी के अनेक कार्यकर्ता और अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि अनुपम प्राकृतिम सुंदरता से अच्छादित इलाके का प्रमुख पिकनिक स्पॉट उसरी फॉल में कई सुप्रसिद्ध हिंदी और बांग्ला फिल्म की शूटिंग हुई है। बाबा वैद्यनाथ धाम पर बनायी गयी धार्मिक हिंदी फिल्म गंगा धाम, गुलमोहर, दुरंतो चटाई सहित कई अन्य बांग्ला की चर्चित फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा कई खोरठा और भोजपुरी एलबम की शूटिंग होती रही है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने अपनी कविताओं में इस प्राकृतिक सौंदर्यता को स्थान दिया है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **वृष** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **मिथुन** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **कर्क** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# लातेहार जिला के भाजपा और आप के सदस्यों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के हरमू स्थित झामुमो केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के समक्ष लातेहार जिला के आम आदमी पार्टी और भाजपा के सैकड़ों सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी और पार्टी में स्वागत किया। साथ ही संगठन के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया। पार्टी को मजबूत करने एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को दिलाने का संकल्प दिलाया। झामुमो लातेहार जिलाध्यक्ष मोतीलाल नाथ सहदेव के नेतृत्व और जिला सचिव बुदेश्वर उरांव के उपस्थिति में सदस्यता लेनेवालों में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरव श्रीवास्तव, अश्विनी मिश्रा, रोहित अग्रवाल उर्फ जोनी, करण कुमार, दुर्गा कुमारी, बुधन गंझू, कमलेश उरांव, लीलामणि देवी, अनुरोध कुजूर, अशोक भुइंया, बल्कु मुंडा, नीलम देवी, रिंकी देवी, सुशीला देवी, सुजीत सिंह, डॉ शम्स रजा, मनीष गुप्ता, चांद खान, मुबारक अंसारी, प्रशांत सिंह, सौरव साहू, रोशन गुप्ता, देव ओझा, प्रमोद गिरि, रोशन कुमार, अभिषेक सिंह, कृपाचार्य सिंह, अनीता देवी, लीलामणि देवी, संगीता देवी, मनोहर भगत, सुशीला टोपनो, बुधन गंझू, आश्रम यादव, दुर्गा सिंह, नागेश्वर गंझू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मनरेगा का नाम बदले जाने पर कांग्रेस का तंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने महात्मा गांधी नेशनल रूरल रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदले जाने पर तंज कसते हुए कहा कि योजनाओं के नाम, कानून के नाम बदलने में नरेंद्र मोदी की सरकार माहिर है, इसका कोई मुकाबला नहीं है। निर्मल भारत अभियान को स्वच्छ भारत अभियान बनाया, ग्रामीण एलपीजी वितरण कार्यक्रम को उज्ज्वला नाम दिया। पैकेजिंग, ब्रांडिंग और नाम देने में ये धुरंधर है। हैरानी इस बात की है कि पंडित नेहरू से तो इन्हें नफरत है लेकिन महात्मा गांधी से इतनी नफरत, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना 2005 से चल रही है। इसका नाम आप पूज्य बापू रोजगार गारंटी योजना



कर रहे हैं। महात्मा गांधी नाम से क्या दिक्कत है? उन्होंने कहा कि सरकार नाम बदल कर बेरोजगारी, डॉलर के मुकाबले रुपया का सबसे निचला स्तर पर जाना, वोट चोरी भारत दुनिया का पहला कर्जदार बन गया है। इन मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। इन 11 सालों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता के लिए कोई योजना नहीं चलायी लेकिन कांग्रेस सरकार की बनायी योजना का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा कर जनता को गुमराह कर रही है।

# उड़ान रद्द होने पर होटल किराये में मनमानी नहीं करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सर्दियों के मौसम में कोहरा और खराब मौसम के चलते रांची एयरपोर्ट से आने-जाने वाली कई उड़ानें रद्द या विलंब से संचालित हो रही हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को होटल, लॉज और गेस्ट हाउस में रुकना पड़ता है। इसे देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने होटल संचालकों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उड़ान रद्द या विलंब होने की स्थिति में होटल किराये में किसी भी प्रकार की मनमानी बढ़ोतरी नहीं की जाये। यात्रियों से केवल पूर्व निर्धारित और सामान्य दरों पर ही कमरों का किराया वसूला जाये। प्रशासन ने होटल संचालकों को निर्देश दिया है कि वे यात्रियों के साथ सहयोगात्मक और मानवीय व्यवहार करें तथा किसी भी तरह का अतिरिक्त या छिपा हुआ शुल्क न लें। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार दिसंबर और जनवरी माह में घने कोहरे के कारण, विशेषकर उत्तर भारत की उड़ानों में अक्सर बाधा उत्पन्न होती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर होटल किराये में अनावश्यक वृद्धि की शिकायतें मिली थीं, जिसे जिला प्रशासन ने गलत और अस्वीकार्य करार दिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले होटल, लॉज और गेस्ट हाउस संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सभी होटल संचालकों से अपील की गयी है कि वे कठिन परिस्थितियों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दें व प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

# प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी बने केंद्रीय सूचना आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को केंद्रीय सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह 15 दिसंबर से अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान में वह हिंदी दैनिक प्रभात खबर के प्रधान संपादक हैं। आशुतोष चतुर्वेदी को मीडिया जगत में तीन दशकों से अधिक का लंबा अनुभव है। अपने करियर के दौरान उन्होंने इंडिया टुडे और संडे ऑब्जर्वर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ काम किया। इसके अलावा बीबीसी हिंदी से जुड़कर ऑनलाइन पत्रकारिता में भी सक्रिय भूमिका निभाई। अमर उजाला (नोएडा संस्करण) में वह कार्यकारी संपादक के पद पर भी रह चुके हैं। आशुतोष चतुर्वेदी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ एक दर्जन से अधिक देशों की यात्राओं का हिस्सा रहे हैं, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति को करीब से देखने-समझने का अवसर मिला। वह वर्तमान में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। केंद्रीय सूचना आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति को सूचना के अधिकार और पारदर्शिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# युवा राजद ने छात्रों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद), झारखंड प्रदेश के नेताओं ने शनिवार को युवाओं और छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की और शिक्षा, रोजगार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद बताया गया कि राज्य के बड़ी संख्या में युवा आर्थिक परेशानियों के कारण पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और गरीब परिवारों के छात्रों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों को रेल एवं बस यात्रा में किराया माफी या विशेष छूट दी जाये, ताकि आर्थिक तंगी परीक्षा में बाधा न बने। छात्रवृत्ति भुगतान में हो रही देरी पर भी चिंता जतायी गयी। नेताओं ने कहा कि कई छात्र छात्रवृत्ति के सहारे अपनी पढ़ाई और कोचिंग जारी रखते हैं, लेकिन समय पर राशि नहीं मिलने से उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। इसके लिए छात्रवृत्ति व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन करने और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गयी। कॉलेजों में वसूले जा रहे अतिरिक्त शुल्क का मुद्दा भी उठाया गया। युवा राजद ने कहा कि खेल, वाई-फाई और सांस्कृतिक गतिविधियों के नाम पर लिए जा रहे शुल्क को अनिवार्य नहीं, बल्कि वैकल्पिक बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में बढ़ायी गयी फीस को वापस लेने की मांग रखी गयी। संगठन का कहना है कि बढ़ी हुई फीस गरीब छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। साथ ही सेना भर्ती प्रक्रिया को हर जिला मुख्यालय में आयोजित करने की मांग भी की गयी, ताकि ग्रामीण इलाकों के युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने में सुविधा हो। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में रंजन कुमार यादव, शौकत अंसारी, क्षितिज मिश्रा और आनंद यादव शामिल थे।

# चाइबासा में एसीबी ने कार्यपालक अभियंता को 70 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** चाइबासा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भवन निर्माण विभाग में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता अरुण कुमार सिंह को 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। कार्यपालक अभियंता पर किसी कार्य के भुगतान अथवा अनुकूल कार्रवाई के बदले कमीशन के रूप में रिश्वत मांगने का आरोप था। इस संबंध में एसीबी को शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की प्राथमिक जांच और सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही अभियंता ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, एसीबी की टीम ने मौके पर ही उसे धर दबोचा। कार्रवाई की खबर फैलते ही भवन निर्माण विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी सकते में नजर आये। फिलहाल एसीबी की टीम आरोपित अभियंता से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। जानकारों के मुताबिक, जांच का दायरा आगे बढ़ सकता है और अन्य अधिकारियों की भूमिका भी सामने आ सकती है। एसीबी आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है। प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अहम सफलता माना जा रहा है।

### शराब घोटाला : प्लेसमेंट एजेंसी का निदेशक गुजरात से गिरफ्तार

झारखंड एसीबी ने शराब घोटाला मामले में प्लेसमेंट एजेंसी के निदेशक को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एसीबी ने 14 अक्टूबर को मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन निदेशक को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स और मार्शन इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड का चयन हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मानव संसाधन प्रदाता के तौर पर किया गया था। प्लेसमेंट एजेंसी ने 27 अगस्त 2023 को कंपनी के प्रतिनिधि नीरज कुमार के हस्ताक्षर से 5.35 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी जमा करायी।

# छात्रों को शिक्षित करने के साथ बनायें संस्कारवान : राजेश्वरी बी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में शनिवार को द कलर ऑफ झारखंड कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पंचायती राज विभाग की निदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि किसी भी स्कूलों की भूमिका सिर्फ किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बल्कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनाने की आवश्यकता है। ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में छात्र जिस भी फील्ड में जायेंगे। उस क्षेत्र में ये तमाम चीजें छात्रों को एक बेहतर संस्कारवान नागरिक और समाज राष्ट्र के प्रति जिम्मेवार नागरिक बनायेंगे। मौके पर सम्मानित किये जानेवाले लोगों में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, पंजाबी हिंदी बिरादरी से रवि पाराशर, गुरुद्वारा कमेटी से डॉ हरविंदर वीर सिंह, अंजुमन इस्लामिया से प्रो परवेज, क्रिश्चियन एसोसिएशन से कुलदीप तिर्की, बंग परिषद से डॉ कमल बोस सहित कई शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आने वाले शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को कक्षा नर्सरी से कक्षा नवमी तक के छात्रों के लिए प्रथम बेसलाइन चेक का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा। इसके अलावा समय- समय पर बेसलाइन चेक का आयोजन किया जाता रहेगा जिसके तिथि की जानकारी विद्यालय के वेबसाइट के जरिये दी जायेगी। इच्छुक अभिवावक विद्यालय के वेबसाइट, विद्यालय कार्यालय और उजाला कॉम्प्लेक्स, झुमरी तिलैया स्थित मुख्य कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में रजिस्ट्रेशन फॉर्म को डाउनलोड या प्राप्त करके नामांकन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यालय के मोबाइल नंबर 6200569264, 9153875724, 7070098751 पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए बरही, झुमरी तिलैया और कोडरमा से बस सुविधा भी उपलब्ध है। छात्रों बालक और बालिकाओं के लिए अलग - अलग छात्रावास के साथ आइआइटी, मेडिकल, एनडीए, नेशनल ओलंपियाड जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही विद्यालय के स्टूडेंट सर्विस सेल द्वारा छात्रों को कैरियर संबंधित मार्गदर्शन भी दिया जाता है। मौके पर प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रीतम हरी आदि मौजूद थे।

## स्कूल में योग शिविर का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल, झुमरीतिलैया में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का संचालन पतंजलि की जिला प्रभारी चंद्र लता बर्णवाल ल्ली किया। शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाना रहा। योग शिविर के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, तितली आसन और सुखासन जैसे योगासनों का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, उज्जयी, भ्रामरी, उद्गीत और प्रणव प्राणायाम की विस्तृत जानकारी दी गयी और उनका अभ्यास भी कराया गया। चंद्रलता बर्णवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित बनाती है। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है और उनका मानसिक विकास बेहतर होता है। योग शिविर में भाग लेने वाले बच्चों ने पूरे मनोयोग से आसन और प्राणायाम किया और प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट नियमित योग करने का संकल्प लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ और समृद्ध बनाना है। साथ ही योग, आयुर्वेद, स्वदेशी और भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया गया। योग शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार और रवि कुमार ने की। उन्होंने योग शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योग शिविर के सफल संचालन में योग शिक्षिका संगीता बर्णवाल का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## डीएवी में कला और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में पाठ्य-सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत विविध रचनात्मक और कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कंगारू रेस, लेमन-स्पून रेस, हर्डल रेस और फ्रॉग रेस जैसी रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। नन्हे प्रतिभागियों ने अत्यंत जोश, उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने चारों सदनों के अंतर्गत चार-चार समूहों में विभक्त होकर क्रिसमस ट्री निर्माण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये आकर्षक और सृजनात्मक क्रिसमस ट्री दर्शकों को अत्यंत प्रभावित करने वाले रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रामकृष्ण सदन की नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, नैतिक रंजन और जनक कुमार ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विवेकानंद सदन के सात्विक, आलोक, सौरभ एवं रितेश कुमार को मिला, जबकि तृतीय स्थान दयानंद सदन की आलिया, मुस्कान, अमृता और आकृति ने हासिल किया। कक्षा नवमी से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए चारों सदनों के चार-चार विद्यार्थियों के समूहों के बीच बुके मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अत्यंत सुंदर और आकर्षक बुके तैयार किये। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रामकृष्ण सदन की माशिया, अनन्या, परी और प्रतिज्ञा को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान विवेकानंद सदन की तनु, वर्षा, सृष्टि कुमारी और साक्षी यादव ने तथा तृतीय स्थान दयानंद सदन की अनुप्रिया, अनमोल और करिश्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका पीबी खड़ंगा, कृति कुमारी और लक्की पाठक ने निभाई। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा उनकी सृजनात्मक सोच और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज मौसुमी मल्लिक और संदीप कुमार ने किया।

## मरकच्चो में लकड़ी लदा वैन जब्त



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में वन विभाग की टीम में प्रभारी वनपाल सुनील कुमार दास, वनरक्षी अभिमन्यु कुमार रविंद्र पंडित, आफताब आलम, वनकर्मी दामोदर पंडित ने अवैध पटरा लदे पिकअप वाहन को जब्त किया है। पिकअप घोरथम्भा से मरकच्चो आ रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो ओरकोसा के पास वाहन को जप्त किया गया। जांच में पाया गया कि वाहन में बिना बैध कागजात के लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। पिकअप वैन को जप्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया। वन विभाग द्वारा मामले की जांच व कार्रवाई की जा रही है।

### टाटीझरिया और बिसाई गांव में उत्पाद विभाग की कार्रवाई

# 350 कार्टून नकली शराब बरामद

**बाजार मूल्य 35-40 लाख बताया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया/हजारीबाग।** उत्पाद विभाग लगातार अवैध रूप से शराब के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में दो दिनों में टाटीझरिया थाना क्षेत्र के दो गांव डहरभंगा और बिसाई गांव में छापेमारी कर 350 कार्टून नकली शराब जब्त किया है। यह शराब का खेप घर में छुपा कर रखा गया था। बताया जा रहा है कि जब्त शराब की कीमत 35 से 40 लाख रुपया है। उत्पात विभाग के एसआइ सुमितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टाटी झरिया में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है जिसपर यह कार्रवाई की गयी है। पहले दिन बिसई गांव में छापेमारी की गयी थी जहां से 150 कार्टून शराब बरामद किया गया था। उसी कड़ी में शुक्रवार रात पुनः डहरभंगा गांव में छापेमारी की गयी जहां श्यामलाल साव के घर से 200 पेटी नकली शराब बरामद किया गया। यह पूरा कारोबार सुनील साव नामक व्यक्ति चलाता है जिसपर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी अभियान चला शराब के अवैध कारोबार करने वालों की कमर तोड़ने में लगा है, वहीं अवैध शराब कारोबारी भी अड्डा बदल बदल अपने काम को कर रहे हैं। बता दे कि यह सारे शराब लोकल स्तर पर तैयार किये जाते हैं और उसे रैपर लगे बोतल में भर बाहर खपाया जाता है।

## अडाणी फाउंडेशन की कोचिंग के 17 युवा कांस्टेबल और सेना भर्ती में हुए सफल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत चल रहे अडाणी फाउंडेशन की कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने सफलता की नयी मिसाल कायम की है। अभ्यर्थियों ने जहां चाह, वहां राह वाली कहावत को एक बार फिर सच कर दिखाया है। इस सेंटर के 17 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित कांस्टेबल भर्ती के फिजिकल टेस्ट में इस केंद्र के 17 में से 13 छात्रों ने पहली चरण की परीक्षा सफलतापूर्वक पार कर ली है। वहीं, एक विद्यार्थी ने टेरिटोरियल आर्मी की परीक्षा में भी सफलता हासिल कर प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके अलावा इस कोचिंग सेंटर के तीन अन्य छात्र पहले ही चयनित होकर सेना में शामिल होने की अंतिम प्रक्रिया में हैं। इस तरह कुल सफल छात्रों की संख्या 17 हो चुकी है। इन छात्रों में गोंदलपुरा, महुगाई कला, चंदौल सहित आसपास के कई पंचायतों के युवक-युवतियां शामिल हैं। इस सफलता ने पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल बना दिया है। सफल अभ्यर्थियों में अनीश कुमार, अंजुम प्रवीण, पम्मी कुमारी, पल्लवी सिन्हा, सागर कुमार, सूरज जायसवाल, निशांत कुमार पांडेय, संजय कुमार यादव, सुशांत कुमार और पूजा कुमारी आदि शामिल हैं।

अभिभावकों का कहना है कि अडाणी फाउंडेशन की इस पहल ने गांवों में शिक्षा की नई चेतना जगाई है। खास बात यह है कि पहले झिझकने वाली बेटियां भी अब आत्मविश्वास के साथ कोचिंग में आ रही हैं और उत्कृष्ट परिणाम दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि बड़कागांव क्षेत्र में अडाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन, पोषण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में लगातार महत्वपूर्ण सीएसआर कार्य किये जा रहे हैं, जिनसे स्थानीय समुदाय में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उक्त आशय की जानकारी अडाणी फाउंडेशन के पीआरओ अनिमेष नचिकेता ने दी।

## कदाचार मुक्त माहौल में नवोदय प्रवेश परीक्षा संपन्न

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यायलय मरकच्चो स्थित सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय मरकच्चो में शनिवार को कदाचार मुक्त माहौल में नवोदय प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। केंद्र में 338 परिक्षार्थयों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में 304 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक सन्तोष प्रसाद ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न किया गया। दंडाधिकारी हुलास महतो और उड़न दस्ता के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र पर नवोदय विद्यालय से आए सेंटर लेवल ऑफिसर मनीष कुमार व विनय बरवा उपस्थित थे। मजिस्ट्रेट निखिल चन्द्र महतो की देख रेख में परीक्षा ली गयी। वहीं वीक्षक के रूप में सौरभ कुमार पांडे, योगेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, हरिहर कुमार सिंह, रवि कुमार, सुनील कुमार, राहुल कुमार, बिरजु कुमार वर्मा, आलोक कुमार, रोहित कुमार साव, राहुल कुमार, रंजन कुमार, हरिपाल गुप्ता, संजय कुमार यादव, राजेश कुमार, राजीव कुमार चतुर्वेदी, समेत 16 वीक्षक लगाए गए। परीक्षा के सहयोग में कौशल कुमार गुप्ता, छोटी कुमारी, अशोक पासवान लगे हुए थे।

## 10 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बिजली चोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जयनगर थाना क्षेत्र के गरचांच और मंडरीया में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 10 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। विभाग ने सभी के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज करवाया। इस अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता उज्जवल कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कई उपभोक्ता मुख्य एलटी लाइन से टोका जोड़कर या मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग करते पाये गये। जिसमें गरचांच निवासी आयशा खातून पर 10854, शहाबुद्दीन अंसारी पर 16740, सजाद अंसारी पर 7236, अनीशा खातून पर 10854, शेरसाह अंसारी पर 10854, सुलेमान मियां पर 9045 और मंडरिया निवासी नसीम खान पर 9045, वसीम खान पर 9045, कलावती देवी पर 12060, इस्लाम खान पर 12060 का जुर्माना लगाया गया। छापेमारी के दौरान विद्युत विभाग के सौरभ कुमार, मुन्ना लाल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवक और छात्रा से हुई 40 हजार रुपये से अधिक की साइबर ठगी



### डिजिटल अरेस्ट कर छात्रा से ठगी

**कोडरमा में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक स्कूली छात्रा को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उसके खाते से 3,500 रुपए ठग लिए गये। पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह घर पर मोबाइल फोन देख रही थी, तभी उसे व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मास्क लगाये एक पुलिस अधिकारी के रूप में खुद को प्रस्तुत किया, वह अपने कार्यालय में बैठा हुआ था। उस व्यक्ति ने छात्रा को किसी मामले में संलिप्त होने की धमकी दी और दो बार में 2,000 रुपए और 1,500 रुपये अपने खाते में मंगवा लिए। इस घटना के बाद छात्रा को अपनी ठगी का एहसास हुआ।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में कुल 40 हजार रूपये की साइबर ठगी कर ली गयी है। डोमचांच थाना क्षेत्र के तेतरीयाडीह गांव निवासी दिनेश प्रजापति से 36 हजार 5 सौ जबकि तिलैया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अन्य स्कूली छात्रा से 3 हजार 5 सौ रुपये की ठगी की गयी है। मामले की जानकारी देते हुए ठगी के शिकार दिनेश प्रजापति ने बताया कि गुरुवार की रात अचानक से उनका मोबाइल हैक हो गया और काम करना बंद कर दिया। हमने काफी प्रयास किया लेकिन फोन ठीक नहीं हुआ। इसके पश्चात जहां से हाल ही में मोबाइल फोन खरीदा था, उस दुकान पर पहुंचे। दुकानदार ने फोन चेक करने के पश्चात बताया कि आपके सिम में समस्या है। जिसके बाद सिम के सर्विस सेंटर में गया, जहां से हमें नया सिम यह कह कर दिया गया कि आपका पुराना सिम हैक हो गया है। जिसके पश्चात मैं कुछ पैसे निकासी हेतु एटीएम पर गया। जहां जाने पर मुझे पता चला कि मेरे खाते से 36 हजार 5 सौ रुपए की निकासी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेरे खाते में कुल 45 हजार 500 रुपए थे। जिसमें अब केवल 9 हजार रुपये बचे हुए थे, जिसे फिर से निकासी होने के डर से मैंने उसे खाते से निकाल लिया। उन्होंने घटना की सूचना तिलैया पुलिस को दी है।

## सुदेश महतो आज हजारीबाग में, कई लोगों को दिलायेंगे आजसू की सदस्यता

**मिलन समारोह में पंचायत से लेकर जिले तक के जुटेंगे नेता और कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आजसू का मिलन समारोह आज हजारीबाग के टाउन हॉल में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। वे नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलायेंगे। हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी शशि केशरी भी आजसू की सदस्यता लेंगे। साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के कई राजनीतिक, सामाजिक और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

यह कार्यक्रम आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। मिलन समारोह में पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, प्रमंडल प्रभारी पूर्व विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर भी सम्मिलित रहेंगे। संजय मेहता ने कहा है कि हजारीबाग जिले में संगठन का पुनर्जागरण शुरू कर दिया गया है। यहां से बदलाव का आगाज किया जायेगा। गांव- गांव से कार्यकर्ता जोड़े जायेंगे। आजसू की सदस्यता लेने वालों में शशि केशरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश पासवान, मुकेश मेहता, प्रवीण चौबे, किसन महतो, रवि मंडल, जितेंद्र साहू, ऋषभ राज, शंभु कुमार, धीरज अंबेडकर, मनीष वर्मा, मो अजहर, मो शाहिद इकबाल, अभिषेक कुमार, सुखदेव मेहता समेत अन्य शामिल हैं।

जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो ने बताया कि आजसू सुप्रीमो हजारीबाग आयेंगे और कार्यकर्ताओं को संगठन से संबंधित संदेश भी देंगे। साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी बूथों पर संगठन को मजबूत करने के टिप्स भी दिये जायेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 10279 वादों का निष्पादन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज रामा कांत मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, और सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल तेरह बेंचो के माध्यम से कुल 10279 वादो का निष्पादन किया गया जिसमें लंबित वादों की संख्या 1543 और प्री-लिटिगेशन के 8736 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है जबकि विभिन्न विभागों से कुल 16 करोड़ 76 लाख 34 हजार 357 रुपये राजस्व की वसूली की गयी। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, एलडीएम विमल कान्त झा, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा व कोडरमा बाजार शाखा प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, वन विभाग, उत्पाद विभाग, विधुत विभाग के पदाधिकारी और विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, मुंगालाल दास, महेंद्र नारायण, रविन्द्र कुमार, राजकुमार चौधरी, मनोज कुमार मिश्रा, संजय कुमार, महेश्वर कुमार, विकाश कुमार, प्रियंका कुमारी, अभिमन्यु कुमार, राजन कुमार, सुनील कुमार और पीएलवी पाण्डेय शेखर प्रसाद सहित भारी संख्या में अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार गण मौजूद थे।

## टीबी रोग से पीड़ित नारायण सिंह की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा में एक व्यक्ति के निधन से पूरा परिवार एक झटके में उजड़ गया। बता दें कि टीबी रोग से पीड़ित नारायण सिंह (गोला सिंह) पिता जीतन सिंह की मौत 08 दिसंबर 2025 सोमवार को हो गयी थी। एक वर्ष पूर्व हीं नारायण सिंह की पत्नी का स्वर्गवास हो गया था, अब नारायण सिंह की मौत के बाद तीन बेटियां, एक बेटा और मृतक की मां हीं बची है। मृतक के परिवार में सिर्फ 2-3 डिसमिल की जमीन है, जिसमें मकान और आंगन है, ना खेती की जमीन, और ना हीं इन बच्चों का भरण पोषण करने वाला कोई है, ऐसे में इन बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। अलपिटो पंचयात समिति सदस्य घनश्याम पाठक और ग्रामीणों ने चंदा कर मृतक का दाह संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम जमुनियां नदी में किया। पंसस ने कहा कि मृतक के परिवार में मृतक की बूढ़ी मां तीन बेटियां और एक बेटा है, इनकीं उम्र कम है, ऐसे इनका भरण पोषण कैसे हो ये चिंता का विषय है, विष्णुगढ़ प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि सरकारी मदद के लिए विष्णुगढ़ प्रशासन को आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभ अगर समय पर मिल जाये तो कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे परिवार को डूबते को तिनके का सहारा मिल जाये। विष्णुगढ़ प्रशासन अगर इनकीं समय रहते मदद नही कर पाता है, तो आने चंद दिनों में इनलोगों की भूख से मौत हो जायेगी, बच्चे अब आगे की पढ़ाई कैसे जारी रखे ये भी अब प्रशासन को तय करना है।

## बाउंड्री में घुसने से रोकने पर जमीन माफियाओं ने किया हमला, तीन महिलाएं घायल, एक गंभीर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र के लाल मोहल्ला मंडई कला में चारदिवारी में घुसने से रोकने पर जमीन माफियाओं ने हमला कर दिया जिसमें चार महिलाएं घायल हो गयी। इसमें सुषमा सिंह पति राकेश कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। उनके सर पर ईट से हमला कर सर फोड़ दिया गया। इस संबंध में भुक्तभोगी सुषमा सिंह ने थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार शनिवार करीब 11 बजे सुषमा सिंह के घर के पीछे बना चारदीवारी जिसमे ताला लगा हुआ था। उसमें कुछ जमीन माफिया घुसने का प्रयास कर रहे थे। चारदीवारी में घुसने से रोकने पर उन लोगों ने ईंट, पत्थर और लाठी से हमला कर दिया जिसमें सुषमा सिंह का सर फूट गया और वह घायल हो गयी। साथ ही कई अन्य महिलाओं को अंदरूनी चोट आई। सर फूट जाने पर उन्हें तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया जहां उनका मलहम पट्टी किया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल महिला थाना पहुंचकर आवेदन दी और कार्रवाई करने की मांग की है।

## कथावाचक पंडित जगदीश मिश्र पंचतत्व विलीन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो निवासी जगदीश मिश्र की लंबी बीमारी के कारण शुक्रवार को निधन हो गया उनका अन्त्येष्टि शनिवार को मुक्ति धाम में किया गया वह पंचतत्व में विलीन हो गये। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके तीन बेटा परमानंद पांडेय, रामानंद पांडेय, सत्यानंद पांडेय और दो बेटी है नाती पोता से भरा परिवार है, उनका मुखाग्नि छोटे पुत्र सत्यानंद पांडेय ने दिया अन्त्येष्टि में समाज के साथ सैकड़ों ग्रामीण और परिवार शामिल बता दे कि जगदीश मिश्र झरपो में जिस समय कोई विद्यालय नहीं था उस समय से शिक्षा देने का काम करते थे आज उन्हें गुरु मानते है साथ वह शास्त्र के ज्ञाता और कथावाचक थे। उनके निधन पर रामलखन पांडेय, उमेश पांडेय, महेंद्र पंडा, रामेश्वर पांडेय, महेश पांडेय, मनोज पांडेय, उपेंद्र पांडेय, ज्योतिष पंडा, विनय पांडेय, रामचंद्र पंडा, वकील पांडेय, सुखदेव पांडेय, सुबोध पंडा, महेंदु पांडेय, बंगाली पांडेय, कौलेश्वर मिश्र, संतोष पांडेय, रवि पांडेय, टुन्नु पांडेय, मथुरा पांडेय, सुरेश मिश्रा, विकास मिश्रा, संदीप पांडेय, गंगाधर पंडा, अजय पांडेय, अशोक पांडेय, लक्ष्मी पांडे, ऋषि पंडा, श्याम पंडा, सागर पांडेय, अनुज पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, पप्पू पांडेय, विजय पांडेय, सचिन पांडेय, पंकज पांडेय, राहुल पांडेय सहित सैकड़ों ग्रामीण शोक संवेदना व्यक्त किया।

## प्रखंड स्तरीय नाई समाज की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय राष्टीय नाई समाज के बैठक शनिवार को टाटी झरिया के बाबा बालक नाथ प्रांगण में मूलचंद ठाकुर के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में झार खैरा बेडमका, झरपो, भराजो, डहरभंगा, मुरुमातु, टाटीझरिया, धरमपुर, डूमर, खंभवा, बांडी, मायापुर बेडम, आदि सभी गांवों के सैकड़ों की संख्या में ठाकुर समाज का एक महत्वपूर्ण बैठक किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2026 में कपूरी जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाया जायेगा, और नाई बिकास के लिए 25 दिसम्बर को नाई जाती का राष्टीय स्तरीय महा सम्मेलन किया जा रहा है जिसमें झारखंड के सभी जिला से लेकर प्रखंड तक सभी नाई समाज का एक जुटान होगा। जिसमें टाटीझरिया से प्रखंड स्तरीय नाई समाज के सभी सदस्य शामिल होंगे इसलिए बैठक में निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस बैठक में अध्यक्ष सुखदेव ठाकुर, सचिव रामबिलास शर्मा, जितेंद्र शर्मा, किशोरी ठाकुर, राजेश ठाकुर विजय ठाकुर, शशि शर्मा, छोटी ठाकुर, दिनेश्वर ठाकुर, सुकर ठाकुर, हीरामन ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, तुलसी ठाकुर, सरजू ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, अमृत ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, शंकर कुमार शर्मा, टीकों ठाकुर, जानकी ठाकुर, चिंतामणि ठाकुर, परवीन ठाकुर, जगदीश ठाकुर, नारायण ठाकुर, मनोज ठाकुर, नंदेश्वर ठाकुर, तिलक ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, भीम ठाकुर, रोहित शर्मा, किशुन ठाकुर सहित पूरे समाज के सदस्य शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

## लेबर कोड कानूनों पर कर्मियों और श्रमिकों के बीच जागरूकता अभियान आयोजित



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों और श्रमिकों के बीच चार लेबर कोड कानूनों को लेकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को नये श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी देना और उनके अधिकारों और कर्तव्यों को स्पष्ट करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हजारीबाग रामकृष्ण भुइयां उपस्थित थे। उन्होंने लेबर कोड के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभावों और व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि नये श्रम कानून किस प्रकार श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हैं और कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सुगम बनाने में सहायक हैं। जागरूकता सत्र के दौरान पीवीयूएनएल के कर्मचारियों और श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किये। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओएंडएम) मनीष खेतरपाल महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) ओपी सोलंकी सहित सुरक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पांच दिन बाद भी लापता नवजात का सुराग नहीं

**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कदहे गांव से लापता नवजात बच्चे का पांच दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। घटना के बाद से परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं, वहीं पुलिस की कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंधनिया पंचायत अंतर्गत कदहे गांव निवासी झमन गंझु के दो जुड़वा बच्चों में से एक नवजात बीते मंगलवार की रात मां के पास से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह रात में खाना खाकर पूरा परिवार सो गया था। रात करीब 12 बजे जब मां की नींद खुली और बच्चे को दूध पिलाने के लिए देखा, तो नवजात बिस्तर से गायब था। मां के शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्रित हुए और आसपास व्यापक खोजबीन की गयी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। अगले दिन पीड़िता द्वारा स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने खोज अभियान शुरू किया। इस दौरान डॉग स्क्वॉड और एसएसबी की भी सहायता ली गयी, लेकिन पांच दिन बाद भी जांच किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे की बरामदगी को लेकर पुलिस की कार्रवाई अपेक्षाकृत धीमी है। वहीं थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। घटना के बाद कदहे गांव और आसपास के इलाकों में भय और दहशत का माहौल है। लोग अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गये हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चे की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाये।

## संगीता कंस्ट्रक्शन ने चार मजदूरों को काम से निकाला, विस्थापित मजदूरों ने किया विरोध



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी और पोटंगा पंचायत के सतरह विस्थापित ग्रामीणों को बिरसा परियोजना के एल एंड टी कंपनी में पेटी कान्ट्रेक्टर पर कार्य कर रहे संगीता देवी कंस्ट्रक्शन ने चार मजदूरों को बिना नोटिस दिये कार्य से निकाला। काम से निकालने के बाद अन्य मजदूरों ने संगीता देवी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। विस्थापित मजदूरों ने बताया कि ठेका मजदूरों का निर्धारित राशि प्रतिदिन बारह सौ पच्चासी रुपए की दर से है जबकि कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा हमलोगों को चार सौ पचहत्तर रुपए पीएफ फंड काट कर दिया जाता है। जब हमलोगों ने सीसीएल द्वारा निर्धारित राशि की मांग की तो हमलोगों को काम से निकालने की कंस्ट्रक्शन कंपनी ने धमकी दिया। जिसके बाद हमलोगों ने लेबर कोर्ट में मामले को लेकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन देने के दुसरे दिन बाद ही कंस्ट्रक्शन कंपनी ने चार मजदूरों को बिना नोटिस दिए काम से निकाल दिया। जिसमें रौशन हंसदा, महा लाल सोरेन, आकाश मांझी और राजेंद्र टुडू हैं। इधर कार्य कर रहे सतरह विस्थापित मजदूरों ने संगीता कंस्ट्रक्शन के संचालक को चेतावनी दी है कि यदि चारों मजदूरों को काम पर नहीं रखा गया तो विस्थापित ग्रामीणों द्वारा कंपनी के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। वहीं मजदूरों ने बताया कि लगभग दो वर्षों से कंपनी में कार्यरत हैं लेकिन बिना सूचना दिये हमलोगों को निकाला गया। विरोध करने वालों में धनीराम मांझी, शाहरुख सोरेन, महेश पवरिया, राकेश हंसदा, हीरा मांझी, दशरथ करमाली, सुरेंद्र बेसरा, संतोष करमाली, राजेन्द्र मुंडा, निर्मल मांझी, बिनोद मांझी, सिकंदर टुडू शामिल हैं।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आरोपों पर दी खुली चुनौती


**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने शनिवार को लेक रिसोर्ट में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगाये गये आरोपों को खारिज करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि उनके विधायक कार्यालय को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह निराधार है। उनका विधायक कार्यालय पीवीयूएनएल के किराये के मकान में संचालित होता है, जिसमें वे एक किरायेदार हैं, न कि मकान के मालिक विधायक ने कहा कि उक्त कार्यालय से क्षेत्र की जनता की आस्था जुड़ी है और यहीं से विकास कार्यों के लेखा-जोखा तथा जनसमस्याओं का समाधान किया जाता है। ऐसे में कंपनी द्वारा अपने मकान की मरम्मत के लिए निकाले गये टेंडर पर सवाल उठाना दुर्भावनापूर्ण राजनीति का परिचायक है। उन्होंने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, क्योंकि उनके ही कार्यालय के बगल में पीवीयूएनएल का मकान अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया है और उसका बिजली बिल तक जमा नहीं किया जा रहा। श्री चौधरी ने कहा कि भ्रामक बातें फैलाकर जनता को गुमराह करना कतई उचित नहीं है. जनता ने जब उन्हें नकार दिया तो बौखलाहट में इस तरह के कुत्सित प्रयास किए जा रहे हैं। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एनटीपीसीझपीवीयूएनएल प्रबंधन से सार्वजनिक दायित्व के तहत भवन की आधारभूत संरचना दुरुस्त करने का आग्रह किया था। अपने इलाज को लेकर उठाए गये सवालों पर विधायक ने कहा कि उन्होंने किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं ली है। उनका इलाज टाटा एआईजी इंश्योरेंस के माध्यम से कैशलेस हुआ है, जिसकी जानकारी मीडिया के समक्ष सार्वजनिक की जा रही है। विधायक ने यह भी कहा कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ कई ग्रामीणों ने जमीन पर जबरन कब्जे के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि हाल ही में ईडी द्वारा जारी प्रेस रिलीज में उनके भाई समेत परिवार की करीब पांच करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त किये जाने और कई बैंक खातों को फ्रीज किये जाने की जानकारी दी गयी है। विधायक ने कहा कि उनकी राजनीति जनता के अधिकार, रोजगार, विस्थापन, पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा पर आधारित है, न कि किसी कंपनी की मेहरबानी पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पहले भी जनता के साथ थे, आज भी हैं और आगे भी हर संघर्ष में जनता के लिए सबसे आगे खड़े रहेंगे। मौके पर पुर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, गंगाधर महतो, राकेश कुमार, पंकज सिंह, चंदन कुमार, किशोर महतो, अशोक पाठक, अजय रवि, बृजेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चुटुपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर बाइक सहित 6 वाहनों से टकराया, आठ घायल

**दुर्घटना में बाल-बाल बचे कल्याण विभाग के डायरेक्टर**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** नेशनल हाइवे के रांची-पटना फोरलेन मार्ग पर के चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक बार फिर बड़ी सड़क दुर्घटना होने से टल गयी। रांची की ओरे से तेज रफ़्तार से आ रही एक अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक सहित छह वाहनों को टक्कर मार दिया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही मालवाहक ट्रेलर(आरजे 11जीसी 4897) का घाटी में ब्रेकफेल हो गया। इसके बाद चालक ने ट्रेलर से अनियंत्रित खो दी और देखते ही देखते एक बाइक समेत 6 कारों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर जिस रफ्तार से गाड़ियों को अपनी चपेट में ले रहा था, इससे ऐसा लगा कि कोई भी जिंदा नहीं बचेगा। लेकिन किसी भी हताहत नहीं हुई। घटना के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग घंटों जाम हो गयी। घंटों मशक्कत के बाद क्रेन के माध्यम से सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया। इससे यातायात सुचारू रूप से चालू हो सकी। जानकारी के अनुसार रांची से पूजा-अर्चना के लिए इनोवा कार (जेएच 10सीई 9099) से मां छिन्नमस्तिका मंदिर जा रहे कल्याण विभाग के निदेशक संजीव कुमार चालक रंजीत सिंह और उनका अंगरक्षक बाल-बाल बच गये।

**ट्रेलर इन वाहनों को लिया अपनी चपेट में :** ट्रेलर ने सबसे पहले इंडिगो कार (जेएच 02ए 0707) को अपनी चपेट में लिया। इंडिगो सड़क से करीब 10 फीट ऊपर उड़ते हुए चट्टान से टकराकर रुकी। इसके बाद बाइक (बीआर 29एडी 2782) क्रेटा कार (जेएच 01डीबी 7239) हुंडई ओरा कार (जेएच 01एफक्यू 0892), इनोवा (जेएच 10सीई 9099) और एक बोलेरो को अपनी चपेट में ले लिया।

### घटना में ये हुए घायल

इस घटना में इंडिका में बैठे बीआईटी मेसरा निवासी केएनपी सिंह, उनकी बेटी 28 वर्षीय बेबी कुमारी और बाइक सवार बिहार के सिवान निवासी विवेक कुमार का इलाज प्राइवेट अस्पताल में किया गया। जबकि, क्रेटा कर के चालक केशव कुमार और किशन मानिक मामले रूप से घायल हो गये। वही, सदर अस्पताल में गिरिडीह निवासी 19 वर्षीय रवि यादव, 39 वर्षीय बजरंगी यादव और 35 वर्षीय राजन पांडेय का प्राथमिक उपचार किया गया।

## आदिवासी समाज के लोगों ने बरेलिया नर्सिंग होम में किया हंगामा, पांच घंटे तक सड़क जाम

**रामगढ़ थाना में टीम गठित कर घटना की जांच कर कार्रवाई करने उचित मुआवजा देने के आश्वासन के बाद हटा जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के चट्टी बाजार साहू कालोनी में रह रही किराये के मकान में बरेलिया नर्सिंग होम की नर्स लवली कुमारी (23) के गुरुवार की देर रात को फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में शुक्रवार को सुबह से खूब हंगामा हुआ। ओरमांझी से पहुंचे मृतिका के स्वजन व आदिवासी समाज के लोगों ने पहले बरेलिया नर्सिंग होम में हंगामा किया। इसके बाद मेन रोड के सुभाष चौक पहुंचकर शव के साथ करीब पांच घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। इससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। मृतक के परिजन व ग्रामीण नर्सिंग होम के संचालक व प्रबंधन पर हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने व मुआवजा की मांग पर अड़े थे। सूचना पाकर एसडीओ अनुरोग तिवारी, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, डीएसओ रंजीता टोप्पो, एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर और रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन पांडेय मौके पर पहुंचे। इसके बाद रामगढ़ थाना परिसर में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। वार्ता में नर्स लवली के आत्महत्या करने की टीम गठित कर जांच कर दोषी पाये जाने वालों पर कार्रवाई करने और सरकारी मुआवजा देने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शाम पांच बजे के बाद शव को उठा लिया। विदित हो कि रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरबंडा गांव निवासी राजन मुंडा की पुत्री व बरेलिया नर्सिंग होम की नर्स के रूप में कार्यरत लवली कुमारी ने गुरुवार की देर रात को शिबू कालोनी स्थित किराए के मकान के छत की सीढ़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शव के पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की शाम मृतका के स्वजन शव के साथ बरेलिया नर्सिंग होम पहुंचकर मुआवजे व घटना की जांच की मांग को लेकर रामगढ़-बोकारो मार्ग को चट्टी बाजार में जाम कर दिया था। उसके बाद शनिवार को ओरमांझी से आदिवासी समाज के लोग पहुंचे और अपराह्न 12:30 बजे से सुभाष चौक के समीप शव को रखकर सड़क जाम कर दिया है। स्वजन और लवली की हत्या का आरोप लगाते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे।

## पीएम आवास पूर्ण कराने को लेकर बैठक

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास, और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर आवास योजना को लेकर पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और रोजगार सेवक की बैठक हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में हुई। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होते ही बीडीओ ने क्षेत्र के 28 पंचायतों में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी पंचायत सचिव से बारी-बारी से योजना के कार्य की जानकारी ली। कहा कि किसी भी सूरत में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से गरीबों को दिया जाने वाले आशियाना के खिलाफ एक भी नहीं सुनी जायेगी। जिस तरह से लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम, द्वितीय किस्त की राशि भेजी जा रही है, ठीक उसी के अनुरूप कार्य किया जाना है। लाभुक राशि का अगर उठाव कर चुपचाप बैठे हैं, तो उसे कदापि बर्दास्त नहीं किया जायेगा। लापरवाही के कारण निर्माण कार्यों में तेजी नहीं लायी जा रही है। प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पुराने स्तर पर अगर आप सभी के प्रयास से कार्य को पूर्ण कर दिया जाता है, तो ठीक उसी के अनुरूप में वैसे लाभुकों को भी सत्यापन के तौर पर इसका लाभ दिया जाना है। उन्होंने सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजनाओं को बेहतर तरीके से पूरा करने पर कड़ा निर्देश दिया।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 'माइंड मार्बल्स' प्रदर्शनी का आयोजन

# हर विद्यार्थी स्वयं में विशेष होते हैं, उसके अंदर कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है : हरजाप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार को एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी का नाम माइंड मार्बल्स था। यह प्रदर्शनी भारत की महिला क्रिकेट टीम को समर्पित थी। जिसने विश्व विजेता बनकर भारत को गौरवान्वित किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर और अरदास के साथ किया गया। प्रदर्शनी में अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, पंजाबी गणित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, सामान्य ज्ञान, कला और खेल विषय पर विद्यार्थियों द्वारा मनभावन और तथ्यात्मक प्रतिदर्श प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों ने अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विषय चुनकर प्रतिदर्श बनाया था। विद्यार्थियों को उनके विशेष शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया था। मौके पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी और उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी स्वयं में विशेष होता है उसके अंदर कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है। आवश्यकता है उन प्रतिभाओं को निखारने की और इस प्रकार की आयोजन उन प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा अवसर देते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।



### प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कला को किया प्रस्तुत

प्रतिदर्श के रूप में विद्यार्थियों ने बड़े-बड़े कारखाने से लेकर चंद्रयान, गुरुकुल परंपरा से लेकर इतिहास तक सबको एक साथ समेटने का सुंदर प्रयत्न किया था। कुछ विद्यार्थियों ने मिलकर मथुरा का प्रेम मंदिर धरातल पर उतार दिया तो कुछ विद्यार्थियों ने मिलकर ज्वालामुखी को फटते हुए दिखाया। अपने-अपने प्रतिदर्श के साथ प्रतिभागियों ने संक्षिप्त और तथ्यात्मक जानकारी भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यार्थियों के अभिभावकों ने आकर प्रदर्शनी की शोभा बढ़ाई। उन्होंने एक-एक प्रतिदर्श को देख विद्यार्थियों से प्रश्न किया और प्रतिदर्श की सराहना की। विद्यार्थियों ने बड़े ही सधे हुए अंदाज में सभी अतिथियों का स्वागत करके उनको प्रतिदर्श के विषय में बताया। आज के विद्यार्थी कल देश का भविष्य होंगे। उनके भीतर की छुपी हुई कला इस प्रदर्शनी में खुलकर सामने आयी।

## ओपी जिंदल स्कूल में आविर्भाव 2025 का भव्य आयोजन



**संस्कृति, चेतना और भविष्य निर्माण का सशक्त मंच बना वार्षिक सांस्कृतिक समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** ओपी जिंदल स्कूल बलकुदरा में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक समारोह आविर्भाव 2025 ने यह साबित कर दिया कि यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समग्र व्यक्तित्व विकास का सशक्त मंच है। छात्रों की रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों का उत्कृष्ट संगम इस आयोजन में देखने को मिला। सुबह से ही विद्यालय परिसर उत्सव की रंगीन छटा से भर उठा था। आकर्षक मंच-सज्जा, अनुशासित प्रस्तुतियां और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राएं दर्शकों का मन मोह रहे थे। अभिभावकों, गणमान्य अतिथियों और विद्यालय परिवार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्ण बल्लभ सिंह, प्लांट हेड, जिंदल स्टील पतरातू के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिंदल स्टील के एचआर हेड सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पहली प्रस्तुति नाट्य-रूपक रही, जिसमें छात्रों ने यह संदेश दिया कि सच्ची शक्ति बाहुबल में नहीं, बल्कि सत्य, करुणा और नैतिक दृढ़ता में निहित होती है। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने ऊर्जावान समूह नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि भारतीय और पाश्चात्य संगीत पर आधारित ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह का संचार किया। अपने संबोधन में प्राचार्य पांडेय ने कहा कि आविर्भाव विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभाओं के प्रकट होने का उत्सव है। हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है। बाल संसद की प्रस्तुति समारोह की विशेष आकर्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने लोकतंत्र, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों पर प्रभावशाली विचार रखे। मुख्य अतिथि कृष्ण बल्लभ सिंह ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि आविर्भाव शिक्षा और संस्कृति के संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। आज के मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रम भारत के उज्वल भविष्य की झलक हैं। समारोह में पुरस्कार वितरण भी किया गया, जिसमें शैक्षणिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में झारखंडी लोक-संस्कृति पर आधारित नागपुरी नृत्य और एक भारत, श्रेष्ठ भारत विषयक समूह नृत्य ने देश की विविधता में एकता का संदेश दिया। समापन प्रस्तुति आविर्भाव ने आत्म-जागरण, नव-चेतना और भविष्य के प्रति आशा का भाव प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## राजस्व मामलों की गहन समीक्षा, उपायुक्त ने दिये त्वरित निष्पादन का निर्देश




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित राजस्व कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सरकारी भूमि का नामांतरण, जमाबंदी से संबंधित प्रतिवेदन, FRA/NOC से जुड़े प्रस्ताव, छूटे हुए प्लॉटों की NGDRS पोर्टल पर प्रविष्टि, ई-जन समाधान पोर्टल की स्थिति, भूमि सीमांकन (डिमार्केशन) रिपोर्ट, राजस्व संग्रहण, ई-कोर्ट, मोटेशन और भारत माला परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन और भू-हस्तांतरण मामलों की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित राजस्व मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी और नियमसम्मत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने पोर्टल आधारित कार्यों में अद्यतन प्रविष्टि और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया। बैठक में प्रस्तावित समाहरणालय भवन, इंडस्ट्रियल पार्क, मंडल कारा, सोलर पार्क सहित अन्य विकास परियोजनाओं के लिए चिन्हित भूमि की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने इन परियोजनाओं से जुड़े भूमि मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 38323 दिनांक 13.12.2025 के अनुसार मैं, मुन्ना साहू पिता चरकु साहु निवासी ग्राम-कचमची, पोस्ट भीठा, थाना-भण्डरा, जिला-लोहरदगा एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि आधार कार्ड सं0 3866 7365 9878 है जिसमें मेरा नाम MUNNA SAHU दर्ज है जो सही है।
3. यह कि मेरा पेन कार्ड सं0 DRSPS9317E मेरा नाम MUNNA SAHU दर्ज है जो सही है।
4. यह कि मेरे नाम से भारत गणराज्य द्वारा पासपोस्ट बना है जिसमें मेरा नाम भूल वश MUNA SAV दर्ज है जो गलत है।
5. यह कि उक्त पासपोस्ट में MUNA SAV के स्थान पर मेरा सही नाम MUNNA SAHU सुधार कराने हेतू यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।
6. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. STCBBSBGPL FLYOVER-eOT28, दिनांक : 08.12.2025

कार्य का नाम : "पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल में ROH शेड एवं CC परीक्षण सुविधा कार्य के साथ साथ बाघुआपाल के बीच फ्लाईओवर लाइन से संबंधित बाघुआपाल स्टेशन में सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम कार्य का निष्पादन, महत्वपूर्ण (Critical) सामग्रियों की आपूर्ति एवं नए डिस्ट्रीब्यूटेड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) की संस्थापन और शुरुआत।"

अनुमानित लागत : ₹ 16,91,65,741/-, EMD : ₹ 9,95,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 05 (पाँच) महीने।

ई-निविदा बंद/खुलने की तिथि व समय : दिनांक : 08.01.2026 को 1100 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण उपलब्ध होंगे : www.ireps.gov.in में। इंटरनेट से डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज एवं कार्यालय में उपलब्ध मास्टर कॉपी के बीच किसी तरह का अंतर होता है, तो कार्यालय की मास्टर कॉपी मान्य होगी और निविदा आवेदनकारी(ओं) पर बन्धनकारी होगा। इस पर किए गए किसी दावे पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

डिप्टी चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर/ निर्माण / भुवनेश्वर

PR-187/CI/25-26

# द्विपक्षीय रिश्तों लेकर प्रतिबद्ध भारत-यूएस

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप में बातचीत होना एक अच्छा संकेत है। यह दिखाता है कि दोनों देश द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इसमें जो बाधा आई है, उसे जल्द से जल्द हटा कर आगे बढ़ना चाहते हैं।

**उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता :** ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर कई दौर की वार्ता हो चुकी है। इसी हफ्ते व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। मार्च में बातचीत शुरू होने से लेकर अभी तक, रिश्तों में उतार-चढ़ाव के कई दौर आये हैं। इसी दौरान अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ थोप दिया। अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका होने के बावजूद इस पर तल्खी दिखाने के बजाय भारत ने दृढ़ता और संयम का परिचय दिया।

**सबसे अच्छा प्रस्ताव :** रूसी तेल खरीद पर रोक और दूसरी अमेरिकी मांगों के जवाब में भारत का रुख यही रहा है कि उसका फैसला अपने लोगों के हितों की रक्षा करने वाला होगा। और अब तो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर भी मान चुके हैं कि भारत ने अब तक का सबसे अच्छा प्रस्ताव दिया है। हालांकि इसके बावजूद अभी तक ट्रंप प्रशासन की तरफ से टैरिफ में छूट देने या डील फाइनल करने के संबंध में कोई संकेत नहीं मिले हैं।

**भारत और अमेरिका के बीच बातचीत में हालिया प्रगति के दौरान की एक बड़ी घटना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन का भारत दौरा है। इस यात्रा की टाइमिंग ने सबका ध्यान खींचा।**

**अमेरिका की अनिश्चितता :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना कि अगर अमेरिका प्रस्ताव से संतुष्ट है, तो साइन कर दे - दरअसल अमेरिकी रुख की इसी अनिश्चितता को दर्शाता है। यह अनिश्चितता कई अन्य स्तरों पर भी प्रकट हो रही है। मसलन- एक तरफ द्विपक्षीय बातचीत में सहयोग बढ़ाने की बात हो रही थी, तो दूसरी तरफ ट्रंप भारतीय चावल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे थे।

**संतुलित नीति :** भारत और अमेरिका के बीच बातचीत में हालिया प्रगति के दौरान की एक बड़ी घटना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन का भारत दौरा है। इस यात्रा की टाइमिंग ने सबका ध्यान खींचा। नयी दिल्ली ने इससे यह संदेश तो पश्चिम तक पहुंचा ही दिया कि उसके लिए राष्ट्रीय हित सबसे पहले है और यह भी कि अपनी स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति पर कोई समझौता उसे मंजूर नहीं। भारत ने रूस के साथ पुरानी दोस्ती निभायी है, लेकिन अमेरिका को भी नहीं छोड़ा। अब इसी संतुलन की उम्मीद ट्रंप प्रशासन से भी है। उसे भारत जैसे सहयोगी देश की जरूरतों और चिंता को समझना चाहिए। यह डील जितनी जल्दी अंजाम तक पहुंचेगी, दोनों देशों को उतना फायदा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**नुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं। पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआइपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6-7% का ही योगदान देता है। शेष 93-94% अब भी अनुदानों से आते हैं।**

# भारत की पंचायतों के लिए यह समय नवाचार और उद्यमियों की तरह सोचने का है

**सुशील लोहानी, रंजन घोष**



1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ, ग्राम पंचायतों (जीपी) को जमीनी स्तर पर स्व-शासन के एक नए युग का सूत्रपात करने के लिए सशक्त बनाया गया। आशा थी कि वे वित्तीय रूप से सशक्त, राजनीतिक रूप से जिम्मेदार और नवोन्मेषी होंगे। हालांकि, तब से काफी प्रगति हुई है, लेकिन यह विजन अब भी केवल आधा ही पूरा हुआ है। अनुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं। पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआइपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6-7% का ही योगदान देता है। शेष 93-94% अब भी अनुदानों से आते हैं। यह निर्भरता पंचायतों के स्थानीय पहलों को कमजोर कर रही है। वे आत्मनिर्भर स्थानीय शासनके बजाय सरकार की योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसी बन गये हैं। इसे बदलने का समय आ गया है, केवल टैक्स नियमों की समीक्षा ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि पंचायतों को उद्यमशील मानसिकता भी अपनानी चाहिए।

**अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि टैक्स दरों और क्षमता में सुधार करना महत्वपूर्ण है।**

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय नियंत्रण के बिना, ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना नहीं बना सकतीं या प्राथमिकता तय नहीं कर सकतीं। एनआइपीएफपी की रिपोर्ट बताती है कि जहां संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क, या सामुदायिक संपत्ति के माध्यम से आर्थिक संभावनाएं मौजूद हैं, वहां भी - नवाचार, डिजिटल प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कार्य-प्रदर्शन को सीमित करती है। केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों का प्रति व्यक्ति ओएसआर अधिक है (क्रमशः 286, 148, और 1,635 रुपये)। इनमें डिजिटल तरीके से टैक्स संग्रह और सामुदायिक भागीदारी भी है। दूसरी ओर, झारखंड, बिहार और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों का ओएसआर संग्रह लगभग नगण्य है। जैसा कि जोसेफ शुम्पेटर ने कहा है, उद्यमिता रचनात्मक परिवर्तन के बारे में है। पंचायतों के लिए इसका मतलब है - निष्क्रिय संग्रह से सक्रिय सृजन की ओर बढ़ना। उन्हें स्वयं का फिर से आकलन करने, स्थानीय संपत्तियों से आय कमाने, सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने और आय को विकास में पुनः निवेश करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है।

आइआइएम, अहमदाबाद (आइआइएम-ए) ने ओएसआर के संदर्भ में उद्यमिता की सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार किया, इस दौरान कई सकारात्मक तथ्य सामने आये। उदाहरण के लिए, गुजरात के धरमज में, ग्राम पंचायत का वार्षिक बजट ?5 करोड़ है, जिसकी आधी धनराशि स्थानीय रूप से प्राप्त आय से आती है। परती जमीन को बहुउद्देशीय पार्क में पुनर्विकसित करके, संपत्ति और जल टैक्स को डिजिटल रूप से एकत्र करके और अपने एनआरआई प्रवासियों के योगदान का लाभ उठाकर, इस गांव ने 2.5 करोड़ से अधिक का आरक्षित कोष तैयार कर लिया है। उत्तराखंड के सिरासु में, ग्राम पंचायत अपने दर्शनीय स्थलों में विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए नाममात्र शुल्क लेकर सालाना 15-20 लाख कमाती है। उन्होंने इसका उपयोग सौर प्रकाश और सड़कों के वित्तपोषण के लिए किया है। ओडिशा के मुकुंदपुरपटन में, ग्राम पंचायत की आय 2006 में 93,000 से बढ़कर 2018 में 36.78 लाख हो गयी, जो मंदिर किराए, बाजार पट्टे और जिओ-टैग की गयी संपत्तियों के माध्यम से प्राप्त हुई। इन (और कई अन्य) ग्राम पंचायनों ने राज्य निधियों का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे वित्तीय रूप से व्यावहारिक संस्थाओं में बदल गयीं।

फिर भी इन उदाहरणों की संख्या बहुत कम है, जो आवश्यक बड़े बदलाव लाने के लिए पर्याप्त हो। अधिकतर पंचायतें कहाँ पीछे रह जाती हैं? प्रमुख रूप से इसे राजनीतिक हिचक से जोड़ा जा सकता है, जो मतदाता के विरोध के डर से टैक्स लगाने से पीछे हट जाते हैं। कई ग्राम पंचायतेंअब भी संपत्ति का मूल्यांकन भौतिक रूप से (मैन्युअल) करते हैं, जिसमें खराब रिकॉर्ड और लागू करने की कमजोरप्रक्रिया के कारण मूल्यांकन बहुत कम होता है। उपयोगकर्ता शुल्क शायद ही कभी संशोधित किए जाते हैं। कुछ राज्यों में शुल्क की अधिकतम सीमा में दशकों से बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप एक निम्न आय, गतिहीन टैक्स आधार और निर्भरता की संस्कृति बनी हुई है। जैसा कि एनआइपीएफपी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वैधानिक वित्तीय सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है, यदि वास्तविक रूप से संचालन से जुड़ी स्वतंत्रता न हो।

तकनीक धीरे-धीरे स्थिति को बदल रही है। तमिलनाडु का वीपी टैक्स पोर्टल संपत्ति और पेशेवर करों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा देता है, जबकि झारखंड में पीओएस-सक्षम कर संग्रह ने दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है। यदि ऐसी प्रणालियों को स्वामित्व के संपत्ति मानचित्रण से जोड़ा जाये, तो पंचायतों के राजस्व आधार का व्यापक रूप से विस्तार हो सकता है। कुछ व्यवहारिक प्रोत्साहन, जैसे समय पर टैक्स देने वालों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना या स्पष्ट परिणाम दिखाना (आपके टैक्स से इस सड़क का निर्माण हुआ) स्वैच्छिक अनुपालन भी बढ़ा सकते हैं। जब लोग टैक्स और ठोस सुधारों के बीच संबंध देखते हैं, तो प्रतिरोध कम होगा और वित्तीय विश्वास बढ़ेगा। ग्राम पंचायत कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष क्षमता निर्माण पहल को शुरू करने में पंचायती राज मंत्रालय की हाल की पहल, जो आइआइएम अहमदाबाद के सहयोग से की गयी है, जमीनी स्तर पर ओएसआर की विशाल संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यों का समर्थन करने के लिए, मंत्रालय ने एक डिजिटल प्लेटफार्म समर्थ भी विकसित किया है, जो पंचायतों के ओएसआर प्रबंधन के लिए डिजिटलीकरण की शुरू-से-अंत तक की प्रक्रिया को सुगम बनाता है। मंत्रालय राज्यों को ओएसआर नियमों को तैयार करने या संशोधित करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि पंचायतें अधिक प्रगतिशील और सशक्त बन सकें। चिन्हित पंचायतों की मदद करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं, जिनका राजस्व संग्रह उच्च है या जो विकास केंद्रों के पास उप-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, ताकि उनके लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाएं तैयार की जा सकें। हमें उम्मीद हैकि इन स्थानों में सही उद्यमी ऊर्जा एक सकारात्मक आर्थिक चक्र पैदा कर सकती है, जिसके गुणात्मक प्रभाव होंगे।

अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि टैक्स दरों और क्षमता में सुधार करना महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल उद्यमशील सोच ही वास्तविक बदलाव ला सकती है। जैसा कि आइआइएम-ए के अध्ययन से पता चलता है, ऐसी ग्राम पंचायतें, जो चक्रीय आर्थिक मॉडल, जैसे बायोगैस और खाद संयंत्र, सौर ऊर्जा की बिक्री, सामुदायिक बाजार और ईको-पर्यटन आदि का उपयोग कर रही हैं, वे वित्तीय रूप से अधिक स्वतंत्र हैं और आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं। इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय प्रदर्शन से जुड़े अनुदानों को बढ़ावा दे रहा है जो ओएसआर वृद्धि से जुड़ा है। इसके अलावा, चयनित ग्राम पंचायतों में वित्तीय साथी (फिस्कल फेलो) की अवधारणा, जो वित्तीय योजना और डिजिटल एकीकरण में मदद कर सकती है, को भी आजमाया जा सकता है। 16वां वित्त आयोग भी केवल प्रक्रियाओं का पालन करने के बजाय-पंचायतों को प्रोत्साहित कर सकता है, ओएसआर में वृद्धि करने वालों को पुरस्कृत कर सकता है।

ग्राम स्वराज का लंबे समय से संजोया गया सपना केवल इस बात से साकार नहीं होगा कि ऊपर से कितना धन आता है, बल्कि इस बात से साकार होगा कि ग्राम पंचायतें स्थानीय स्रोतों का कितने प्रभावी ढंग से उपयोग करती हैं। पंचायतों को लेखाकर्मी की तरह नहीं, बल्कि उद्यमियों की तरह सोचना चाहिए, अवसरों की पहचान करनी चाहिए, जोखिमों का प्रबंधन करना चाहिए और लाभ को समुदाय में पुनर्निवेश करना चाहिए। भारत का ग्रामीण परिवर्तन केवल नयी योजनाओं से नहीं होगा। यह तब संभव होगा, जब इसके 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें आय अर्जित करना सीखेंगी और जब स्थानीय शासन देश का सबसे जीवंत उद्यमी इकोसिस्टम बन जायेगा।

**(सुशील कुमार लोहानी एक आइएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत हैं। रंजन घोष आइआइएम-ए के संकाय सदस्य हैं और इसके कृषि प्रबंधन केंद्र के अध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पूर्वी विधानसभा की जनसमस्याओं पर विधायक ने यूआइएसएल जीएम से की वार्ता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने शनिवार को टाटा स्टील यूआइएसएल के महाप्रबंधक आरके सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में उन्होंने बर्मामाइंस सहित पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने बर्मामाइंस क्षेत्र में जर्जर सड़कों, बढ़ते धूल-प्रदूषण, अपर्याप्त स्ट्रीट लाइट और अव्यवस्थित पार्किंग से लोगों को हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने नियमित रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई, पानी के छिड़काव, प्रमुख मार्गों व बस्ती क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तथा पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की मांग रखी। साथ ही टूटी सड़कों की मरम्मत, क्वार्टरों के डिसमेंटलिंग से बंद हुए आवागमन मार्गों को खोलने तथा बस्ती क्षेत्रों में बिजली-पानी कनेक्शन में हो रही देरी को दूर करने की भी मांग की गयी। यूआइएसएल के जीएम आरके सिंह ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### नीमडीह में मुआवजा वितरण समारोह का आयोजन

# राज्य सरकार वन्यजीवों से होनेवाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध : सविता महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नीमडीह।** वन विभाग की ओर से नीमडीह फॉरेस्ट गेस्ट हाउस परिसर में मुआवजा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सविता महतो ने हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त किये गये 30 मकानो के लाभुकों के बीच कुल 40 लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक वितरण किया गया। वहीं ईचागढ़,चांडिल, नीमडीह और कुकड़ू प्रखंड के 300 किसानों को फसल क्षति के एवज में 60 लाख रुपये की राशि उनके खातों में ऑनलाइन भेजी गयी। विधायक सविता महतो ने कहा राज्य सरकार वन्यजीवों से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया वन विभाग द्वारा करीब एक करोड़ रुपये की मुआवजा राशि का वितरण किया गया है। साथ ही लोगों से वन्यजीव संरक्षण के लिए अपील की। मौके पर रेंजर शशि प्रकाश रंजन, राधा रमण ठाकुर, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, मंगल मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्व. चरण कच्छप मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, सराइकेला की टीम बनी विजेता



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** चिड़िया के गांधी मैदान में शनिवार को आयोजित स्व. चरण कच्छप मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने स्व. चरण कच्छप के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं फुटबॉल को किक मार कर किया। फाइनल मुकाबले में सराइकेला की टीम ने कड़े संघर्ष में बोलानी को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैच रोमांचक रहा और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। इस अवसर पर रंजीत यादव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### परीक्षा परिणाम सुधारने को लेकर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर एक व दो के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयीष परीक्षा परिणाम में सुधार को लेकर शिक्षकों और छात्रों के बीच मंथन हुआ। कॉलेज प्रशासन ने बताया सेमेस्टर एक और दो के परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहे हैं। 20-30 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रोमोटेड होना चिंता का विषय है। प्राचार्य डॉ श्रीनिवास ने छात्रों से सभी विषयों पर समान ध्यान देने, नियमित कक्षाओं में उपस्थिति और नयी शिक्षा नीति के अनुरूप साइंस, आर्ट्स व कॉमर्स की बुनियादी समझ विकसित करने की अपील की।

### कुड़मी समाज की फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत ढीपा गांव में कुड़मी समाज की दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 14 दिसंबर को खेला जायेगा। शनिवार को उद्घाटन के अवसर पर समाजसेवी सह युवा आंदोलनकारी अमित महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ओड़िशा की लोमसी एफसी और बड़पोस एफसी के बीच उद्घाटन मैच का शुभारंभ फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर अमित महतो ने कहा समाज, राज्य और देश के विकास के लिए युवाओं को खेल के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और कुड़माली भाषा के संरक्षण के लिए भी आगे आना होगा। इस अवसर पर समाजसेवी परेश महतो, मनोज महतो, रिंकू महतो, भानु महतो सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सेल गुवा चिकित्सालय में मरीजों को मिल रही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुवा।** सेल गुवा चिकित्सालय में वरीय चिकित्सक सह महाप्रबंधक डॉ. अशोक कुमार अमन के कुशल नेतृत्व में मरीजों को लगातार बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।

डॉ. अमन ने बताया सेल के सीएसआर अंतर्गत आने वाले गांवों की संख्या बढ़कर अब 18 हो गई है, जबकि पहले यह संख्या मात्र 8 थी। अस्पताल में भर्ती होने वाले लगभग 80 प्रतिशत मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, हालांकि इसके लिए अस्पताल कर्मियों के साथ-साथ आम जनता के सहयोग की भी आवश्यकता है। पान, खैनी और गुटखा के उपयोग से अस्पताल की स्वच्छता प्रभावित होती है, जिससे बचने के लिए अपील की।

वर्तमान में सेल गुवा अस्पताल में मात्र 7 मेडिकल ऑफिसर कार्यरत हैं, जो तीन शिफ्टों में 24 घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहते हैं। पहले जहां केवल 6 डॉक्टर थे, वहीं अब सीमित संसाधनों के बावजूद सेवाओं में कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। चिकित्सकों को मरीजों की देखरेख के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक दायित्व भी निभाने पड़ते हैं, जिसका असर उनकी निजी पारिवारिक जिंदगी पर भी पड़ता है।

60 बेड वाले इस अस्पताल में सेल कर्मियों के अलावा रेलवे, बैंक, पोस्ट ऑफिस और स्कूल के कर्मचारियों का भी इलाज किया जाता है। कुल मिलाकर लगभग 25 हजार की आबादी का इलाज केवल 7 मेडिकल ऑफिसर और करीब एक दर्जन नर्सों द्वारा की जा रही है। दवाओं की उपलब्धता को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया यहां किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।

अपोलो जैसे बड़े अस्पतालों में लिखी जाने वाली महंगी और अत्याधुनिक दवाएं भी यहां उपलब्ध हैं।

सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को एंबुलेंस सेवा के माध्यम से अस्पताल लाया जाता है। इलाज के बाद सुरक्षित वापस पहुंचाया जाता है। भर्ती मरीजों को दिन में तीन समय स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें अंडा, फल और मछली भी शामिल हैं। गंभीर मरीजों को आइजीएच राउरकेला भेजने की मुफ्त व्यवस्था भी उपलब्ध है।

हाल ही में 7 नये नर्स और 2 नए लैब तकनीशियन की बहाली की गयी, जिससे मरीजों की देखभाल और अधिक सुदृढ़ हुई है। अस्पताल प्रबंधन ने आम जनता से अपील की सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों में भर्ती होने के बजाय ओपीडी से उपचार कराएं, ताकि गंभीर रोगियों के लिए बेड आरक्षित रखे जा सकें।

भाजपा नेता आरके प्रधान ने कहा सेल गुवा अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने के लिए इसे राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए और अनावश्यक दबाव से बचना चाहिए। अस्पताल का माहौल सकारात्मक रहेगा तभी नए डॉक्टर और स्टाफ यहां सेवा देने के लिए सहज महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि नए डॉक्टरों और कर्मचारियों की बहाली के प्रयास सेल प्रबंधन द्वारा लगातार जारी हैं। सेल गुवा चिकित्सालय में स्पेशलिस्ट टेलीमेडिसिन सेवा और आईसीयू की स्थापना की प्रक्रिया भी प्रगति पर है।

# शिक्षक बने एसडीएम, 11वीं के छात्रों को पढ़ाया फिजिक्स, संस्कृत और व्याकरण

## विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अनुशासन में रह कर आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

**कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



यासीन मिल्लत इंटर कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में उपस्थित एसडीएम संजय कुमार।

**गढ़वा।** यासीन मिल्लत इंटर कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में शनिवार को अध्यक्ष के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने भाग लिया। शिक्षकों के बीच अनुदान भुगतान को लेकर हुई इस बैठक से पूर्व उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही कक्षा ग्यारहवीं के विज्ञान वर्ग एवं कला वर्ग दोनों सेक्शन के छात्र-छात्राओं को एक-एक टॉपिक पढाया। एसडीएम ने छात्रों को खुद पढ़ाकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने का प्रयास किया। हालांकि छात्र-छात्राओं की मूलभूत समझ और जानकारी अपेक्षा अनुरूप नहीं मिली। इस पर उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों को मेहनत करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं से कहा गया कि उन्हें जो टॉपिक कठिन लगते हों उनके बारे में बताएं, वे खुद उनके संदेह को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस पर कक्षा 11वीं विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने फिजिक्स के टॉपिक 'डाइमेंशन विधि से फॉमूर्ला डेरिवेशन' के बारे में पूछा। उन छात्रों की मांग के अनुरूप संजय कुमार ने हिंदी माध्यम से पूरा टॉपिक क्लियर कराया। वहीं, कला वर्ग के सेक्शन में पहुंचने पर संस्कृत की छात्राओं ने संस्कृत रूप और लकार आदि से संबंधित व्याकरण के आरंभिक ज्ञान को स्पष्ट करवाने को कहा। इस पर एसडीएम ने उन्हें उक्त टॉपिक को पढ़ाया। फिजिक्स पढ़ाते समय सटीक उत्तर देने वाले एक छात्र अभिमन्यु कुमार को उन्होंने मौके पर पुरस्कृत भी किया। वहीं, कला वर्ग को संस्कृत व्याकरण के अध्यापन के दौरान पहले उन्होंने छात्र-छात्राओं से मूलभूत प्रश्न पूछ। एसडीएम ने कहा कि कक्षा 11 विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण चरण है, जहां विषयों की मजबूत नींव रखी जाती है। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दीष साथ ही शिक्षकों से कहा कि वे विषयवस्तु को रुचिकर और व्यावहारिक तरीके से पढ़ाएं। निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा शैक्षणिक व्यवस्था, उपस्थिति एवं पाठ्यक्रम प्रगति की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा की अध्यक्षता में शनिवार को पुराना समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा-पूर्व तैयारी की व्यापक समीक्षा को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, विषय शिक्षक, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य परीक्षा की गुणवत्ता में सुधार, पाठ्यक्रम की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत पूर्णता तथा विद्यार्थियों की प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करना रहा।

## पाठ्यक्रम- शिक्षकों की उपलब्धता का निर्देश

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने परीक्षा-पूर्व तैयारी एवं पाठ्यक्रम की प्रगति के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की तैयारी की स्थिति एवं पाठ्यक्रम की शत-प्रतिशत पूर्णता का विद्यालयवार समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्ट रेल एवं प्रायोगिक-आंतरिक मूल्यांकन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया। स्प्लाइट सिलेबस की समीक्षा करते हुए उन्होंने विद्यालयों को बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप अध्यापन सुनिश्चित करने एवं पाठ्यक्रम प्रगति का अद्यतन प्रतिवेदन गूगल लिंक के माध्यम से नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, प्री बोर्ड एग्जामिनेशन की तैयारी को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रश्न-पत्र निर्माण, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं फीडबैक आधारित सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा 17 दिसंबर से प्रारंभ होगी, जो दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। इसको लेकर सभी विद्यालयों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आगामी परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्री बोर्ड एग्जाम में 30 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए जिला स्तर से लाइव एवं रिकॉर्ड क्रैश कोर्स संचालित करने की बाते कही जिसका लिंक स्कूल ग्रुप में समय-समय पर जारी किया जाएगा। यह भी बताया गया कि जो छात्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप करेंगे, उन्हें जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क लैपटॉप दिया जाएगा। साथ ही, वे जिस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई करना चाहेंगे, उससे संबंधित कोचिंग में उनका नामांकन निःशुल्क कराया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक से दिए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मंझिआंव आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** उचरी के आरके पब्लिक स्कूल में तीसरे फॉर्मेटिव असेसमेंट के बाद अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई। प्राचार्य ने स्कूल में हाल ही में आयोजित की गई कुछ गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अगले दो-तीन महीनों में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे वार्षिक खेलकूद, स्कूल ट्रिप, गणतंत्र दिवस समारोह, 'परीक्षा पे चर्चा', एफए-4, वार्षिक परीक्षा और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा, 2026 की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों और संरक्षकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को पूर्ण तैयारी के साथ ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। वहीं, आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन अलख नाथ पांडेय ने भी स्कूल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अपना संकल्प दोहराया। साथ ही अभिभावकों और संरक्षकों को बताया कि स्कूल को सीबीएसई, नई दिल्ली से विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों में सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की संबद्धता प्राप्त हो गई है। चेयरमैन ने कहा कि नए सत्र में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। अवसर पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# 11 लोगों को भेजा नोटिस, खुद मकान-दुकान खाली नहीं किया तो 16 को चलेगा बुलडोजर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र के सुंडीपुर ग्राम में अतिक्रमित भूमि खाली कराने को लेकर प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। कांडी अंचल कार्यालय की ओर से शुक्रवार को चौकीदार के माध्यम से 11 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि 16 दिसंबर तक अतिक्रमित भूमि को खुद खाली कर लें, अन्यथा जेसीबी मशीन से मकान एवं दुकानों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में पीड़ित सुरेश राम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि वे एवं अन्य परिवार साल 1978 से उसी भूमि पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। उक्त जमीन पर उन्हें राजा ने बसाया था। उनके पास रहने के लिए कोई अन्य जमीन या मकान भी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह द्वारा दुकान खोलने के लिए जगह मांगी जा रही थी, जिसे मना करने पर अंचल के माध्यम से उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं, सीओ राकेश सहायक ने बताया कि यदि मंगलवार तक अतिक्रमण खाली नहीं किया गया तो प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिनके पास रहने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, उनके मामले पर विचार किया जाएगा। इस कार्रवाई में कई होटल, सैलून और गुमटियों को भी हटाया जाएगा। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मांग की है कि पहले उन्हें वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की जाए, उसके बाद ही तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाए, अन्यथा कई परिवार बेघर हो जाएंगे।

# गढ़वा जिला वॉलीबॉल लीग 25-26 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला वालीबाल संघ की बैठक शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडे ने की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गढ़वा जिला वॉलीबॉल लीग 25 और 26 दिसंबर को कराया जाएगा। इस लीग मैच को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि स्वर्गीय बृज बिहारी पाठक की स्मृति में प्रत्येक वर्ष वॉलीबॉल लीग मैच कराया जाएगा। इसमें गढ़वा जिला के बालक एवं बालिका टीमें भाग लेंगी। स्वर्गीय वृज बिहारी पाठक स्मृति जिला स्तरीय वॉलीबॉल लीग का सभी मैच पुलिस लाइन के ग्राउंड में कराया जाएगा। इस लीग मैच में भाग लेने वाली गढ़वा जिले की सभी इच्छुक टीमों के पंजीकरण के लिए सर्व सम्मति से 20 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया। पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए 7979944674 और 8789426 921 पर संपर्क करने की अपील की गयी है। बैठक में उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, कार्यालय सचिव संजीव कुमार पांडे, संयुक्त सचिव शैलेश नंदन सिन्हा, पंकज मिश्रा, अरविंद कुमार दुबे, साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे आदि थे।**

# निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को गढ़वा व्यवहार न्यायालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मनोज चंद्र झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-चतुर्थ आशुतोष कुमार पांडे, एसीजेएम कम सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कुमार विपुल, डीएलएसए के सचिव निभा रंजन लकडा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) द्वितीय एमडी अब्दुल नसीर उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद ने किया। इस दौरान बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो एमके सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य व्यवहार न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना था। विश्वविद्यालय की ओर से वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं देवकी महावीर होम्योपैथिक एंड रिसर्च हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों और आमजनों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। इस दौरान 350 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद ने कहा की वर्तमान समय में व्यस्त जीवनशैली के कारण लोग अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लोगों को समय रहते रोगों की पहचान एवं उचित उपचार की दिशा में जागरूक करते हैं। वहीं, कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी उसका प्रमुख दायित्व है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं देवकी महावीर होम्योपैथिक एंड रिसर्च हॉस्पिटल के कई चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने सराहनीय सेवाएं दी। जिसमें डॉ एके सिन्हा, डॉ सुमित कुमार चंचल, डॉ नरेंद्र यादव, डॉ अंजुम परवेज, डॉ ए अहमद, डॉ केशवेंद्र कुमार तिवारी, डॉ अमित मिश्रा, डॉ एनके प्रसाद, डॉ अजय सिंह, डॉ मनीष श्रीवास्तव, डॉ रूपा तिवारी, डॉ पीडी तिवारी, आयुष तिवारी आदि शामिल थे।

# समाजसेवी महेंद्र सिंह का निधन, शोक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बस्ती निवासी पूर्व मुखिया महेंद्र सिंह (80) का शनिवार अहले सुबह उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। इस खबर से पूरे भवनाथपुर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। महेंद्र सिंह एक सज्जन, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी और सम्मानित मार्गदर्शक को खो दिया है। बतातें चलें कि करीब तीन साल पहले महेंद्र सिंह को माउथ कैंसर हो गया था। लंबे समय तक चले इलाज के बाद वे कुछ समय तक सामान्य जीवन जी रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाया था। विगत 15 दिनों से उनकी तबीयत अधिक खराब हो गई थी। शनिवार की अहले सुबह उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। महेंद्र सिंह का अंतिम संस्कार उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित सर्वश्री आश्रम पीठ में बुद्धिवाद अवधूत आश्रम के नियमानुसार किया गया। उनका दाह संस्कार उनके ज्येष्ठ पुत्र आनंद सिंह ने किया। इस मौके पर मुखिया बेबी देवी, पूर्व मुखिया मधुलता कुमारी, संजय यादव, ब्रजेश सिंह, गोविंद सिंह, कृष्ण सिंह, सुनील सिंह, धीरेंद्र सिंह, रविकांत सिंह, शैलेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह आदि ने शोक प्रकट किया है।

# थाना में आवेदन देकर मृतक की पत्नी ने की हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरदाग ग्राम निवासी विनोद सिंह की पत्नी प्रतिमा कुवंर ने रंका थाना में आवेदन देकर अपने पति के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि 11 दिसंबर को विनोद सिंह का शव गांव के बहेरा पेड़ के पास संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था। इस दिन मृतक की पत्नी अपने मायके में थी। मृतक के बड़ा भाई राजू सिंह ने दावा किया था कि विनोद के साथ 10 दिसंबर की रात नौ बजे तक गांव के उपेन्द्र तुरिया मौजूद था। उसके अगले दिन विनोद का शव बहेरा पेड़ के पास से बरामद हुआ, जो संदेह के घेरे में है। मृतक की पत्नी ने आवेदन में गांव के चार व्यक्तियों उपेन्द्र तुरिया, बैजनाथ तुरिया, महेंद्र तुरिया और सुमन तुरिया पर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा है कि चारों ने प15 दिन पहले ही पति के साथ गाली-गलौच और मारपीट की थी। तब जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसकी शिकायत स्थानीय चौकीदार रामदुलार तुरिया से की थी। मृतक की पत्नी ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि उक्त चारों लोगों ने ही पति की हत्या की है।

# जायंट्स सहेली की अध्यक्ष सुनीता केसरी के आकस्मिक निधन पर शोक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य एवं जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ की पत्नी जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के अध्यक्ष सुनीता केसरी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुनीता केसरी जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली की पांचवीं बार अध्यक्ष बनी थी। वे एक कुशल गृहणी एवं हंसमुख स्वभाव की महिला थी। उनका इलाज पिछले दो सप्ताह से चल रहा था। उन्हें रांची एवं हैदराबाद भी ले जाया गया। पर बचाया नहीं जा सका। रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, रेडक्रॉस एक्सक्यूटिव कमेटी के सदस्य मनोज केसरी एवं विजय केशरी ने राकेश बाबू के निवास पर पहुंचकर सभी परिजनों को ढांढस बंधाया।

## रंका के शिवनाला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मनमानी

# उपायुक्त ने निरीक्षण में पकड़ी अनियमितता, मांगा स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** गढ़वा उपायुक्त (डीसी) दिनेश यादव ने शनिवार को रंका अनुमंडल क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने रंका-1 के शिवनाला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गइ।, वहीं मध्याह्न भोजन योजना के तहत भोजन का संचालन भी नहीं किया गया था। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रभारी सुरेंद्र राम से पूछने पर बताया कि आज विद्यालय में रसोईया नहीं होने के कारण मध्याह्न भोजन नहीं बन पाया। डीसी ने इसे गंभीरता से लिया। नाराजगी व्यक्त करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। डीसी के निर्देश पर विद्यालय प्रभारी के साथ ही बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, प्रधानाध्यापक और विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष से भी लिखित स्पष्टीकरण का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। डीसी ने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया है कि 15 दिसंबर की दोपहर 12 बजे उपर्युक्त सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने स्पष्टीकरण के साथ उनके समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। डीसी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होना चाहिए। इस प्रकार की लापरवाही छात्रों के हितों के प्रतिकूल है। इसे किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों की नियमित निगरानी की जाए। शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

# असाध्य बीमारी से 11 वर्षीय छात्र का निधन, शोक



**हरिहरपुर(आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बत्तोखुर्द गांव निवासी शिवम गुप्ता (11) का असाध्य बीमारी के कारण शुक्रवार की रात अपने पैतृक आवास पर निधन हो गया। शिवम उत्क्रमित मध्य विद्यालय बत्तोखुर्द में कक्षा पांच का छात्र था। शनिवार की सुबह जैसे ही शिवम के निधन की सूचना गांव में फैली, क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की मानें, तो शिवम कुछ दिनों से हृदय रोग से पीड़ित था, जिसका इलाज भेलोर के एक अस्पताल में चल रहा था। सीमित आर्थिक स्थिति के बावजूद परिजनों ने खेत की जमीन बेचकर उसका इलाज कराया, लेकिन बचा नहीं सके।


कार्यालय :
कार्यालय:असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,राँची
Email id :- nuhmranchi@gmail.com , Mobile No :- 8210018529/7301501769

पत्रांक 4584 — राँची, दिनांक 06/12/25

अति अल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा शहरी क्षेत्र, राँची अंतर्गत संचालित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु Public Private Partnership (PPP) Mode पर X-Ray सेवाएँ उपलब्ध कराया जाना है। दर निम्नवत है :–

| Sr. No. | CGHS TREATMENT PROCEDURE/INVESTIGATION LIST | Rate for Non – NABH/Non – NABL (INR) | Rate for NABH/NABL (INR) |
|---|---|---|---|
| 1 | Abdomen AP Supine or Erect (one film) | 215 | 250 |
| 2 | Abdomen Lateral view (one film) | 128 | 147 |
| 3 | X-ray Chest (one film) | 195 | 230 |
| 4 | Chest Lateral (one film) | 195 | 230 |
| 5 | Mastoids: Towne view , oblique views (3 films) | 250 | 288 |
| 6 | Extremities, bones & joints AP & Lateral views ( Two films) | 255 | 293 |
| 7 | Pelvis AP (one film) | 110 | 127 |
| 8 | T.N Joints (one film) | 110 | 127 |
| 9 | Abdomen Pelvis for KUB | 128 | 147 |
| 10 | Skull AP & Lateral (2 film) | 255 | 293 |
| 11 | Spine AP & Lateral (2 film) | 250 | 288 |
| 12 | X-ray PNS view (1 film) | 110 | 127 |
| 13 | X-ray Mammography | 315 | 362 |

इच्छुक एवं योग्य Diagnostic Centers जो उक्त दर में X-ray सुविधा उपलब्ध काराना चाहते है, वे दिनांक 20/12/2025 तक अपना प्रस्ताव 01 बंद लिफाफे में सिविल सर्जन, राँची कार्यालय में दे सकते है।

A. Minimum Eligibility:
. The X- ray Centre must be registered under appropriate Authority i.e. AERB etc. and is in existence for at least six months before the date of issuance of this RFE Document.
. The Diagnostic Centre should have qualified Radiologist, Paramedical/Nursing and Technical staff as per norms.
. The Diagnostic Centre should have a Digital X- ray Machine.
. The Diagnostic Centre should have a separate room for the X- ray Machine, and automatic film processor.
B. Number of Proposals
. A Centre is eligible to submit only one proposal. Multiple Proposals, if any, will be summarily rejected.

For More

PR 368474 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

## लोहरदगा में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में शहर में एक भावनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एक शाम शहीदों के नाम' का आयोजन रविवार को होटल रॉयल गैलेक्सी, न्यू रोड, में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देश के वीर शहीदों को समर्पित है, जिसमें साहित्य, संगीत और गजल के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम का उद्घाटनकर्ता उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद, मुख्य अतिथि एसपी सादिक अनवर रिजवी, होंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित कलाकारो में अनवर कमाल (बहराइन), संतोष (पटना), परवेज रहमानी (लोहरदगा), रिजवान असदकी (गुमला), रामचंद्र गिरी (लोहरदगा), सरफराज कुरैशी (गुमला), फि राज राही (लोहरदगा), राधिका गुप्ता (दिल्ली), बंदना सिद्धार्थ (दिल्ली) व दिलशाद नज्मी (जमशेदपुर) होंगे। यह आयोजन शहीदों के बलिदान को याद करने और नई पीढ़ी में देशभक्ति, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को प्रगाढ़ करने के लिए किया जा रहा है। शायरी, गजल और काव्य पाठ के माध्यम से शहीदों के साहस, त्याग और देशप्रेम को शब्दों में पिरोया जायेगा। लोहरदगा कल्चरल सोसाइटी के आयोजकों ने लोहरदगा और आसपास के लोगों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनायें और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## मनिका प्रखंड में समाजसेवियों ने लोगों के बीच कंबल का किया वितरण



**मनिका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंजो पंचायत निवासी ईश्वरी प्रसाद साहू और मनिका पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पति और समाजसेवी रमेश पासवान के द्वारा विधवा, विकलांग, वृद्धि, गरीब, असहाय व्यक्तियों के बीच लगभग 1500 कंबल का वितरण किया गया। जहां पर कंबल लेने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ लग गयी, सभी लोगों को दोनों ही समाजसेवियों ने बैठाकर सम्मानपूर्वक कंबल उपलब्ध करवाया और आने जाने के किराया के लिए 50-50 रुपये नगद भी दिया साथ ही दूर से आने वाले गरीब लोगों के लिए वाहन की भी व्यवस्था करवाई। वहीं समाजसेवी रमेश पासवान ने कहा की गरीबों का सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है इसलिए प्रखंड क्षेत्र के लोगों को भी इस तरह का कार्य करनी चाहिए जो सक्षम है लोगों के मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरतमंद लोगों के लिए हम लोगों के द्वारा लगातार मदद करने का प्रयास जारी रहेगा। वहीं दोनों ही समाजसेवियों के इस कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में की जा रही है लोग उनके कामों की काफी तारीफ कर रहे हैं।

## सरकार की अनदेखी: नवजात शिशु के साथ मुर्गी फार्म में रहने को मजबूर है मनीषा देवी



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सलगी पंचायत के हरिजन टोली निवासी मनीषा देवी (पति सुनील भुईया) की कहानी सरकारी उदासीनता की जीती-जागती मिसाल है। यह छह सदस्यीय परिवार पिछले काफी समय से खुद के मकान से वंचित है और अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में एक किराये के मुर्गी फार्म में जीवन यापन करने को मजबूर है। मनीषा देवी की स्थिति तब और भी विकट हो गयी, जब 10 दिन पूर्व उन्होंने उसी मुर्गी फार्म में एक नवजात शिशु को जन्म दिया। अब वह अपने पति, चार बच्चों और नवजात शिशु के साथ—कुल छह सदस्य—इस असुरक्षित ठिकाने में रहने को मजबूर हैं। मनीषा देवी ने आरोप लगाया है कि उन्हें आज तक सरकार द्वारा संचालित किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, जबकि वह इसके लिए पूरी तरह पात्र हैं। उनका कहना है कि पूर्व में आई अबुआ आवास योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिला, और वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जो आवेदन किया गया है, उसकी स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। मनीषा देवी ने सरकारी सर्वे प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, अधिकारी अपने स्तर से गांव आकर सर्वे नहीं करते, बल्कि बिचौलियों के माध्यम से सर्वे कराते हैं। यही कारण है कि मुझ जैसे जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। परिवार के पास खाने-पीने से लेकर बिस्तर तक की उचित व्यवस्था नहीं है। महिला का कहना है कि राशन कार्ड से मिलने वाला 15 से 20 किलो राशन बड़े परिवार के लिए नाकाफी है। मजबूरी में मजदूरी करके जीवन यापन करना पड़ रहा है। वर्तमान में गांव के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी मदद के लिए खाने-पीने का इंतजाम किया है, लेकिन यह व्यवस्था कब तक चल पायेगी, यह बड़ा प्रश्न है। मनीषा देवी ने बताया कि पिछली बरसात उन्होंने इसी मुर्गी फार्म में काट ली थी। अब जैसे ही अगला बरसात का मौसम आयेगा, उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ जायेंगी। उनके पास रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है, जिससे उन्हें और उनके नवजात शिशु को बारिश में भीगने का खतरा बना रहेगा। मनीषा देवी ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से मार्मिक गुहार लगायी है कि वे स्वयं मौके पर आकर जांच करें और जांच के उपरांत उन्हें तत्काल आवास योजना का लाभ दें, ताकि वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार और पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजमकल मिश्रा के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 को वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डा. ताराचंद, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा सादिक अनवर रिजवी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं आंकड़ों की जानकारी देते हुए डालसा सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए कुल छह बेचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या एक में विद्युत संबंधी मामले डीजे प्रथम श्री स्वयंभू के नेतृत्व में, बेंच संख्या दो में पारिवारिक, एमएसीटी, क्रिमिनल अपील, सिविल अपील, मेट्रिमोनियल केसेज के मामले थे. बेंच संख्या तीन में क्रिमिनल कंपाउंडबल, माइंस एंड मिनरल्स, पुलिस एक्ट, एमवी एक्ट, एक्साइज केसेज आदि के मामले सीजेएम श्री केके मिश्रा केनेतृत्व में, बेंच संख्या चार में सभी सिविल केसेस, एसबीआई, यूनियन बैंक, बीएसएनएल, पंजाब नेशनल बैंक से संबंधित मामले सीनियर सिविल जज रोहित कुमार के नेतृत्व में, बेंच संख्या पांच ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य बैंक से संबंधित मामले सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जबकि बेंच संख्या छह कंज्यूमर फोरम, म्युनिसिपल लॉ, लेबर लॉ, रेवेन्यू केसेज सहित अन्य मामले सदस्य कंज्यूमर फोरम मिस पूनम सुनीता बाडा के नेतृत्व में गठित किया गया था। आयोजन में कुल 1203 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 2,10,58,596 रुपये का राजस्व प्राप्त हुई।

# भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने 116 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह

### सामाजिक दायित्व के प्रति सजग है ट्रस्टः गंगोत्री कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता





**लोहरदगा।** लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट, लोहरदगा की अगुवाई में शनिवार को समाहरणालय मैदान में सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, डॉ टी साहू, अभय महतो ने आयोजन की सफलता में सक्रिय भागीदारी निभाया। इस अवसर पर कुल विवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह विभिन्न धर्मों के रीति-रिवाज के अनुरूप अलग अलग संपन्न कराया गया। इन दौरान वर्षों से साथ रह रहे नवविवाहित जोड़ों को भी विवाह के माध्यम से सामाजिक मान्यता दी गयी। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक चुनरी, पगड़ी, साड़ी धोती, विवाह रस्म की सामग्री भी दिया गया। विवाह के पश्चात विवाह प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गये। सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य उन परिवारों को सामाजिक, पारिवारिक और धार्मिक अधिकार दिलाना था, जो अब तक औपचारिक रूप से विवाह की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाये थे। समारोह में कुछ ऐसे दंपति भी शामिल हुए जिनके बच्चे पहले से हैं। सामाजिक रूप से विवाह संपन्न होने के बाद अब उनके बच्चों को भी परिवार और समाज में विधिवत मान्यता मिलेगी। गरीब और जरूरतमंद नवदंपतियों को भी शादी के भारी भरकम खर्चे से राहत मिली। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि, कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी जोड़े को शामिल नहीं किया गया। सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी किया गया। मुख्य अतिथि गंगोत्री कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन समाज में समानता और पारिवारिक स्थिरता को मजबूत करता हैं। कहा कि, सामाजिक मान्यता मिलने से परिवारों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है। उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है। विशिष्ट अतिथि सुषमा नीलम सोरेंग ने कहा कि, इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता हैं। जरूरतमंद परिवारों को नई शुरुआत का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर जंगल और पहाड़ों से घिरे लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समारोह में संस्था के संरक्षक डॉ. टी. साहू, अभय कुमार महतो, कांग्रेसी नेता आलोक साहू, संस्था के अध्यक्ष धर्मराज महतो, संरक्षक सहदेव उरांव, सचिव गोकुल उरांव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

# व्यवहार न्यायालय लातेहार में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

### 15 हजार सात सौ वादों का हुआ निपटारा, चार करोड़ रुपये का हुआ सेटलमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार और प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और झालसा के मुख्य संरक्षक तरलोक सिंह चैहान ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि बाल श्रम को रोकना आज भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय तक सरल, सुलभ और त्वरित पहुंच का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लीटिगेशन और लंबित मामलों में 15 हजार सात सौ वादों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा लगभग चार करोड़ रुपये का सेटलमेंट किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जेएसएलपीएस, लातेहार के तत्वावधान में 48 स्थानीय सखी मंडल को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीष मनोज कुमार सिंह के द्वारा 72 लाख रुपए का चेक दिया गया। कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीष सैयद सलीम फातमी ने वर्षों से अलग रह रहे तीन जोड़ों को मिलाया। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह, सैयद सलीम फातमी, दिनेश कुमार मिश्रा, सुनील दत्ता द्विवेदी, विक्रम आनंद, कुमारी जीव, मीनाक्षी मिश्रा, शिवम चैरसिया, प्रणव कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पन्नालाल और सदस्य, संजय कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, बार एसोसिएषन लातेहार के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट बच्चों को डालसा ने किया सम्मानित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झालसा, रांची के निर्देशानुसार संविधान दिवस यानी 26 नवंबर को जिले के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न विषयों पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान छह छात्राएं -अंकिता कुमारी गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल विद्यालय; आनंदी कुमारी, एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा; अंशु तिर्की, एमएलए इंटर महिला कॉलेज; अंजली कुमारी, संत उर्सलाइन गर्ल्स स्कूल; रोशनी कुमारी संत उर्सलाइन गर्ल्स स्कूल; पूजा कुमारी गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल विद्यालय को पीडीजे राजमकल मिश्रा, न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, उपायुक्त डा कुमार ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार सिन्हा के द्वारा प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर जिला जज -1, एसडीओ अमित कुमार, पीएलए चेयरमैन शिव कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, अधिवक्तागण, बैंक कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 21 लैंपस और 4 एफपीओ का चयन, 25 धान अधिप्राप्ति केंद्र

# लोहरदगा में धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर से शुरू होगी : मनीष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला में धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होगी। इसके लिए 21 लैम्पस तथा 04 एफपीओ का चयन किया गया है। इन 25 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति किया जायेगा। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना से अधिक है। पिछले वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू० 2300 था। धान के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल रू०150 का इजाफा होने से इसका सीधा लाभ जिले के किसानों को मिलेगा।साथ ही साथ कृषकों को धान खरीदगी के पश्चात एकमुश्त राषि का भुगतान किया जायेगा। पूर्व के वर्षो में दो किस्तों में राशि का भुगतान किया जाता था। एकमुश्त राशि भुगतान होने से कृषको में लैम्पस/ एफपीओ में धान बिक्री हेतु उत्साह देखा जा रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिला में धान की पैदावार काफी अच्छी हुई है, ऐसे में किसानों को बढ़े हुए मूल्य पर धान की बिक्री होने और ससमय एकमुश्त राशि का भुगतान होने से अधिक लाभ की संभावना है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि 15 दिसंबर से जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होगा, इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हो चुकी है, धान अधिप्राप्ति को लेकर जिले में 25 धान अधिप्राप्ति केन्द्र बनाया गया, जिसमें 25 लैम्पस और 04 एफपीओ शामिल है।

धान अधिप्राप्ति केंद्रों में लोहरदगा प्रखंड का हेसल लैम्पस, निंगनी लैम्पस, मन्हो लैम्पस, बाघा लैम्पस, जोरी लैम्पस, कुडू प्रखण्ड का कोलसिमरी लैम्पस, कुडू लैम्पस, ककरगढ़ लैम्पस, लावागाई लैम्पस, चन्दलासो लैम्पस, किस्को प्रखण्ड का अरेया लैम्पस, किस्को लैम्पस, हेसापीड़ी लैम्पस, खरकी लैम्पस, जोडा सखुवा एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड का सेन्हा लैम्पस, बुटी लैम्पस, अलौदी लैम्पस, सुखसम्पदा एफपीओ, सेन्हा एग्रो एफपीओ, बदला लैम्पस, कैरो प्रखण्ड का सढाबे लैम्पस, हनहट लैम्पस, नौशाद एग्रो एफपीओ और भंडरा प्रखंड का गडरपो लैम्पस शामिल है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाये हैं। एक ओर जहां धान के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी किया गया है।वहीं इस वर्ष किसानों से धान खरीदने के एक सप्ताह के अंदर एकमुश्त राशि का भुगतान किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि धान अधिप्राप्ति को लेकर जिले में 25 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाया गया है, जहां निंबधितन किसानों से धान क्रय किया जायेगा। किसानों का ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों प्रकार से निबंधन किया जा सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि धान बिक्री के समय किसानों को यह ध्यान रखना होगा कि धान सूखा हो। 17 प्रतिशत से अधिक धान में नमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किसानों को लैम्पस के माध्यम से धान विक्रय करने, धान खरीद और एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने से संबधित जागरूक किया जा रहा, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

### लैंप्स में किसान अधिकतम 200 क्विंटल धान बेच सकेंगे: डीएसओ

**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि धान अधिप्राप्ति कार्य 15 दिसंबर से किया जायेगा। जिले में 25 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाये गये हैं। पंजीकृत किसानों अधिकतम 200 क्विंटल धान अधिप्राप्ति केंद्र में बेच सकेंगे। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। मनीष कुमार ने बताया कि किसानों के हित में एक और बड़ा फैसला लिया गया है। इस वर्ष धान खरीद के बाद किसानों को एक सप्ताह के भीतर एकमुश्त भुगतान किया जायेगा।

## दो बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े जाने के बाद अंचल कार्यालय में ट्रैक्टर ऑनर ने किया हंगामा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह अंचलाधिकारी लवकेश सिंह के द्वारा शनिवार को चलान होने के बाद भी दो बालू लदा ट्रेक्टर पकड़े जाने के बाद अंचल कार्यालय मे ट्रेक्टर ऑनर नें हंगामा किया। बेवजह लगातार चलान होने के बाद भी आये दिन ट्रेक्टर को रोक कर घंटो परेशान करने का आरोप लगाया गया। ट्रेक्टर ऑनर नें बताया की मंगरा बालू घाट से बालू उठाव कर बरवाडीह आने के दौरान ट्रेक्टर को पकड़ लिया गया। साथ ही दो दिन पूर्व छेचा बालू घाट से बालू बरवाडीह आने पर रोक लगाये जाने से भी सीओ के द्वारा रोक लगा दिया गया। जिसमें नाराज होकर प्रखंड के सभी ट्रैक्टर ओनर ने प्रखंड प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर अंचल कार्यालय के सामने जमकर हंगामा करते हुए दूरभाष के माध्यम से सूचना स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को दी। मामले को लेकर सीओ लोकेश सिंह नें बताया की प्रखंड क्षेत्र में संचालित बालू घाटों के द्वारा किसी भी तरह की बालू उठाव की जानकारी अंचल कार्यालय को नहीं दी जा रही है। इसे देखते हुए जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान चलान में त्रुटियां पायी जाने के शक के आधार पर बालू की गाड़ी को रोका गया था। जिसके बाद बालू घाट अंतर्गत आने वाले बालू समिति के साथ-साथ पंचायत के मुखिया को रोजाना बालू घाट के से बालू की उठाओ की रिपोट सौंपने का निर्देश दिया गया। उधर मामले की जानकारी मिलने के बाद विधायक रामचंद्र सिंह ने राज्य से बाहर होने के कारण दूरभाष के माध्यम से फोन करके अंचल अधिकारी से बालू के चालान होने के बावजूद परेशान करने के मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए बेवजह लोगों को परेशान न करने की नसीहत दी। विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि सरकार क्षेत्र में विकास कार्य योजनाएं बाधित न हो उसको लेकर पंचायत स्तर पर बालू की घाट समिति के माध्यम से संचालित कर रही है। वहीं अगर ऐसी स्थिति में बालू के उठाओ के नाम पर बालू घाट और ट्रैक्टर संचालकों को परेशान कर सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया जायेगा या किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा।

## विकास मेला सह जन संवाद कार्यक्रम



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम तीसिया में शनिवार को विकास मेला सह जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसएसबी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह और जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। विकास मेला में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गयी और आवेदन भी प्राप्त किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के व्यक्ति के लिए लोककल्याणकारी योजनाएं चला रही है और इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि प्रशासन और पुलिस आम जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर एसएसबी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, मुखिया, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दीक्षा इ-कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण का समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में तीन दिवसीय दीक्षा ई-कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्राचार्य अभिजीत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी सात प्रखंडों से कुल 28 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रखंड से चार-चार शिक्षकों ने तीन दिनों तक डिजिटल शिक्षण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मूलभूत उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल माध्यमों द्वारा ई-कंटेंट तैयार करना, विभिन्न शिक्षण एप्स का उपयोग, दीक्षा पोर्टल पर सामग्री अपलोड करना और तकनीक के माध्यम से शिक्षण की विधियां सिखायी गयी। प्रशिक्षक श्याम बिहारी महतो, महबूब आलम, पंकज कुमार सिंह और रिसोर्स शुभम साहू ने बताया कि दीक्षा पोर्टल अब देशभर में डिजिटल लर्निंग का प्रमुख माध्यम बन चुका है, जिसमें वीडियो लेसन, क्विज, गतिविधि आधारित सामग्री और विषयवार मॉड्यूल उपलब्ध हैं। शिक्षक इन सामग्रियों को अपने स्तर से भी तैयार कर प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर सकते हैं, जिससे विद्यार्थियों को स्थानीय संदर्भों पर आधारित बेहतर सीखने की सुविधा मिलती है। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को मोबाइल व लैपटॉप के जरिए गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट बनाना, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, एडिटिंग, ग्राफिक्स और प्रस्तुति निर्माण की जानकारी दी गयी। प्रथम दिन प्रतिभागियों को ई-कंटेंट निर्माण की मूल तकनीक, स्टोरीबोर्डिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों द्वारा उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि कैसे एक साधारण विषय को भी रोचक डिजिटल सामग्री के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। दूसरे दिन डायट प्राचार्य की उपस्थिति में शिक्षकों को व्यावहारिक सत्र में शामिल किया गया, जिसमें वे स्वयं कंटेंट बनाकर दीक्षा प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अंतिम दिन मूल्यांकन, फीडबैक के उपरांत सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को उत्प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में संकाय सदस्यों के अतिरिक्त शिक्षकेतर कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पिकअप में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल



दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो और मौके पर मौजूद।

**इस घटना में स्कार्पियो सवार खड़गपुर निवासी सुनील राम (30 वर्ष) के घटनास्थल पर ही मौत हो गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के कौवाखोह स्थित एनएच- 139 पर शुक्रवार की देर शाम अनियंत्रित स्कॉर्पियो जेएच 03 एआर 6696 ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गयी। इस घटना में स्कार्पियो सवार खड़गपुर निवासी सुनील राम (30 वर्ष) के घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में ढाब गांव निवासी जितेंद्र कुमार (25 वर्ष), पनवा देवी (55 वर्ष) प्रतिमा कुमारी (21 वर्ष) घायल हो गये। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो वाहन से प्रतिमा कुमारी को प्रसव कराने के लिए सीएचसी हरिहरगंज जा रहे थे। इस बीच अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। सभी घायलों का सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर ली है। वही मृतक का शव पुलिस अपने कब्जे में ले ली है। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है।

## मधुपुर अधिवक्ता संघ चुनाव 2025-27 संपन्न

# मुरारी प्रसाद सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



**विंदेश्वरी प्रसाद शाही उपाध्यक्ष और श्याम सुंदर भैया बने महासचिव।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** शुक्रवार को पूरे एहतियात के साथ संघ परिसर में स्थित हॉल नंबर- 2 में मतदान सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर 3 बजे समाप्त हुआ, मधुपुर अधिवक्ता संघ ऑफिस बियरर्स का चुनाव सत्र 2025 - 27 के 12 पदों के चुनाव के लिए 204 मतदाताओं में से 200 मतदाता सदस्यों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया, उसके बाद शाम 4 बजे से हॉल नंबर- 4 में मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ, जो रात के 9 बजे तक चला। मतगणना के बाद पर्यवेक्षक बालेश्वर प्रसाद सिंह और अमर कुमार सिंह तथा चुनाव पदाधिकारी सतीश चंद्र मंडल, नागेश्वर भैया व पंचम राय द्वारा संयुक्त रूप से विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गयी। जिसमें, **अध्यक्ष पद** - मुरारी प्रसाद सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुनील कुमार को 32 मतों से हराया, वहीं **उपाध्यक्ष** – विंदेश्वरी प्रसाद शाही ने कौशल किशोर दुबे को 47 मतों से, **महासचिव** – श्याम सुंदर भैया ने समीर कुमार यादव को 48 मतों से, **संयुक्त सचिव प्रशासन** – जितेंद्र कुमार ने सरोज राम मिश्रा को 58 मतों से, संयुक्त सचिव, **पुस्तकालय** – संजय कुमार सिंह ने अनिल कुमार सिंह को 20 मतों से, **कोषाध्यक्ष** – धनंजय प्रसाद शाही ने छोटेलाल दास को 22 मतों से और **सह कोषाध्यक्ष** – अवधेश कुमार ठाकुर ने शकील अहमद को 9 मतों से हराया। **कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु** – 1) उमेश प्रसाद शाही, 2) उमेश प्रसाद सिंह, 3) गणेश कुमार यादव, 4) सोहेल अख्तर अंसारी, 5) सरोज कुमार कुशवाहा विजय हुए।

जानकारी हो कि कार्यकारिणी सदस्य के 5 पदों के लिए 9 उम्मीदवार मैदान में थे, जबकि शेष सभी एक पद के लिए दो-दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला था।

### संघ चुनाव में सभी प्रत्याशियों को मिले मत

- अध्यक्ष पद:-(1) मुरारी प्रसाद सिंह - 112 (2) सुनील कुमार - 80,
- उपाध्यक्ष: (1) विंदेश्वरी प्रसाद शाही - 118 (2) कौशल किशोर दूबे - 71,
- महासचिव:- (1) समीर कुमार यादव - 73 (2) श्याम सुंदर भैया - 121,
- संयुक्त सचिव प्रशासन:- (1) जितेंद्र कुमार - 126 (2) सरोज राम मिश्रा - 68।
- संयुक्त सचिव पुस्तकालय:- (1) अनिल कुमार सिंह - 85 (2) संजय कुमार सिंह - 105,
- कोषाध्यक्ष:- (1) छोटेलाल दास 81 (2) धनंजय प्रसाद शाही - 103,
- सह कोषाध्यक्ष:-(1) अवधेश कुमार ठाकुर - 98 (2) शकील अहमद - 89,
- कार्यकारिणी सदस्य:- (1) चंद्र शेखर सिंह - 61 (2) दशरथ प्रसाद पांडेय -70 (3) गणेश कुमार यादव - 97 (4) मो. सोहेल अख्तर अंसारी - 91 (5) मो जिशान अंसारी - 78 (6) राजीव कुमार सिंह - 78 (7) सरोज कुमार कुशवाहा - 89 (8) उमेश प्रसाद शाही - 113 (9) उमेश प्रसाद सिंह - 111।

## झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**इस अवसर पर धार्मिक वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने सपरिवार देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में तीर्थ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें संकल्प कराया गया, जिसके उपरांत मुख्य न्यायाधीश ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर श्रद्धापूर्वक पूजा संपन्न की।

पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ द्वारा मुख्य न्यायाधीश का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

इस अवसर पर धार्मिक वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। मुख्य न्यायाधीश ने मंदिर की व्यवस्था एवं पूजा-अनुष्ठान की सराहना करते हुए बाबा बैद्यनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी, संबंधित प्रशासनिक अधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कर्पूरी भवन निर्माण कार्य रुकने से नाई समाज में आक्रोश

**पांकी (पलामू) (आजाद सिपाही)।** पांकी कर्पूरी चौक स्थित बीआरसी कार्यालय के समीप भारत रत्न जननायक कर्पूरी भवन निर्माण कार्य चल रहा था। लेकिन कुछ चंद लोगों के षड्यंत्र के तहत कार्य रुकवाने का काम किया गया है। जिसे लेकर नाई समाज के लोगों ने बैठक कर कड़ी निंदा की। इस दौरान नाई समाज के जिला अध्यक्ष अमलेश ठाकुर ने बताया कि पांकी, मनातू, तरहसी और लेस्लीगंज के नाई समाज के द्वारा क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा वर्षो से कर्पूरी भवन निर्माण के लिए मांग की जा रही थी, जिसे विधायक ने मांग को पूरा किया। लेकिन कुछ चंद लोगों के द्वारा बाधा उत्पन्न कर उसे बंद करवा दिया गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर ने बताया कि अगर इस तरह कर्पूरी भवन बाधित रहा तो बाध्य होकर नाई समाज उग्र आंदोलन करेगा। मौके पर प्रखंड सचिव संजय ठाकुर, सरंक्षक कृष्णा ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुदेश्वर ठाकुर, पंकज, बिनोद, लवकुश, जितेंद्र, बिगन, जगनारायण, बब्लु ठाकुर, बाढ़ो ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## मधुपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित, सरल एवं न्यायपूर्ण निष्पादन करना था, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके और न्यायालयों पर मामलों का बोझ कम हो। लोक अदालत के सुचारु संचालन के लिए कुल छह बेंचों का गठन किया गया, जिनमें न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। इन बेंचों में बैंक ऋण वसूली, पारिवारिक विवाद, रेलवे मामले, एनआई एक्ट (चेक अनादरण), उत्पाद अधिनियम, आपराधिक कंपाउंडेबल मामले, भू-अर्जन, बिजली एवं पानी बिल से जुड़े विवादों सहित कई वादों का दोनों पक्षों की सहमति से निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पदाधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत न्याय का सस्ता, सरल और प्रभावी माध्यम है, जहां समय, धन और श्रम की बचत होती है। उन्होंने आम जनता से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## सोहराय पर्व से टकराई यूजी सेम-3 परीक्षा, झारखंड छात्र मोर्चा ने मधुपुर महाविद्यालय में सौंपा ज्ञापन



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आदिवासियों के महापर्व सोहराय पर्व और यूजी सेमेस्टर-3 (सत्र 2023-27) की परीक्षा एक ही समय पर पड़ने को लेकर छात्रहित और आदिवासी समाज की भावनाओं के समर्थन में शनिवार को झारखंड छात्र मोर्चा द्वारा मधुपुर महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। यह कदम जिला अध्यक्ष सुमित सोरेन के आदेशानुसार उठाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्र मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि सोहराय पर्व आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में परीक्षा तिथि का पर्व से टकराना विद्यार्थियों के लिए मानसिक दबाव और सामाजिक असहजता पैदा करता है। संगठन ने मांग की कि छात्रहित और सामाजिक संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा तिथि पर उचित एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाये। इस अवसर पर मधुपुर कॉलेज सचिव राजेश किस्कू, कॉलेज उपाध्यक्ष अनीश खान, झारखंड छात्र मोर्चा के जिला सचिव उमर बंटी, जिला उपाध्यक्ष संजय मेहरा, शुभम शेखर, नगर मीडिया प्रभारी शाहनवाज नूर सहित कॉलेज कमेटी के सदस्य अयान शेख, अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित

# मंडल अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच सेतु होते हैं : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी(पलामू)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी नवनियुक्त भाजपा के मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर, फूल-माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी को नयी जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

विधायक डॉ मेहता ने कहा कि मंडल अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच सेतु होते हैं। उनके सक्रिय और निष्ठावान कार्य से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं लवली गुप्ता ने संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, पांकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, काशिनाथ विश्वकर्मा, साधु मांझी, मंजित सिंह, रौशन सिंह, महेश्वर सिंह, रजयं ठाकुर, परमेश्वर साव, संदीप कुमार, राकेश कुमार चंद्रवंशी, महेश यादव, सुधीर तिवारी, दीलिप मेहता, संतोष शुक्ला, अरविंद मेहता, कार्तिक सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत जोसेफ स्कूल के एलुमिनियम जुबली समारोह

# बच्चों के करियर चयन में उनकी रुचि को प्राथमिकता दें अभिभावक : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शनिवार को संत जोसेफ स्कूल में आयोजित एलुमिनियम जुबली कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, शैक्षणिक और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यार्थी बनने के लिए कम्युनिकेशन स्किल, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास आवश्यक है। साथ ही उन्होंने छात्रों को एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उपायुक्त ने अभिभावकों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता का नैतिक समर्थन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के करियर चयन में उनकी रुचि को प्राथमिकता दें। साथ ही यह भी कहा कि जीवन में जहां भी रहें, समाज के लिए उपयोगी बनें और माता-पिता का सम्मान व ख्याल रखना कभी न भूलें।

उपायुक्त ने सोशल मीडिया के सही उपयोग और इसके दुष्प्रभावों के प्रति भी बच्चों को जागरूक किया तथा समय के सदुपयोग पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, एम्स निदेशक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, शिक्षकगण समेत अन्य उपस्थित थे।

## नेशनल जीत-कुंडो चैंपियनशिप के लिए संत मरियम विद्यालय के चार खिलाड़ी रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 15 और 16 दिसंबर को आयोजित होने वाली 36वां नेशनल जीत-कुन्डो चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के चार चयनित मार्शल-आर्ट्स खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से उज्जवल राज, हर्ष मेहता, आदित्य वर्धन एवं आयान सिद्धकी प्रतिभाग करेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता द स्पोर्ट्स जीत-कुंडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से मार्शल-आर्ट्स खिलाड़ी भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली संत मरियम विद्यालय की टीम मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक क्योंशि डॉ संतोष कुमार के नेतृत्व में 14 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना होगी। टीम मैनेजर के रूप में शमशेर अंसारी को नियुक्त किया गया है। टीम के प्रस्थान से पूर्व विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, उप प्राचार्य एसबी शाहा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

इस अवसर पर श्री देव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, शहर और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज में प्रशिक्षकों का नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ

**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज में शनिवार को नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ। नये प्रशिक्षकों के शैक्षणिक सत्र का उद्घाटन रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय कुमार झा व शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ पंकज कुमार ने नये प्रशिक्षकों को आदर्श शिक्षक बनने का गुर बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेंद्र राम ने प्रशिक्षकों को नियमित रूप उपस्थिति होने का शपथ दिलाया। मौके पर रोहित कुमार तिवारी, महबूब आलम, शशि कला देवी, शशि रेशमा कुजूर, सुमन लता, कुसुम देवी, अनिल कुमार, कुतुबुद्दीन अंसारी सहित महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विभागीय प्रताड़ना का आरोप, मृतक कर्मी के आश्रितों को मुआवजा और पत्नी को नौकरी देने की मांग

**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर विभागीय आदेश पर प्रशिक्षण के लिए रांची जाने के दौरान रास्ते में हृदय गति रुकने से हुई एमटीएस पद पर अनुबंधित कर्मी राजीव कुमार की मौत के मामले में गंभीर मांगें रखी हैं। पत्र में उन्होंने मृतक के आश्रितों को न्यायोचित मुआवजा देने तथा मृतक की पत्नी को उसकी योग्यता के अनुसार किसी भी मद से नियुक्ति प्रदान करने की मांग की है। श्री मिश्र ने पत्र में उल्लेख किया है कि दिनांक 11.12.25 को विभागीय आदेश के तहत प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए रांची जाते समय राजीव कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गयी। संघ का आरोप है कि विभागीय प्रताड़ना और अत्यधिक कार्य दबाव के कारण यह दुखद घटना घटी है, जिसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। पत्र में यह भी मांग की गई है कि मृतक के नियुक्ति पत्र से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जाएं और मुआवजा राशि का भुगतान मृतक के श्राद्धकर्म की समाप्ति तक कर दिया जाए, ताकि शोकसंतप्त परिवार को तत्काल राहत मिल सके। मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त देवघर को भी भेजी गयी है, ताकि जिला प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा के भीतर विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी, तो संघ कानून का सहारा लेने के लिए बाध्य होगा।

## जपला रेलवे कर्मियों ने मनाया विद्युत ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पावर हाउस, जपला रेल परिसर में शनिवार को रेलवे कर्मचारियों के द्वारा विद्युत ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। रेलवे पावर हाउस, जपला के वरीय सेक्शन इंजीनियर (विद्युत सामान्य) राजेश कुमार सिन्हा ने विद्युत ऊर्जा संरक्षण के तरह-तरह के टिप्स बतायें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। वर्तमान में जपला रेलवे स्टेशन पर सोलर पावर ग्रिड की स्थापना हो चुकी है, और भविष्य में कोशियारा, मोहम्मदगंज, सतबहिनी, ऊंटारी रोड और करकट्टा रेलवे स्टेशन पर स्थापित करने की योजना है। स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह, आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, विजय यादव, राजेंद्र यादव, अजीत रजक, प्रमोद चौधरी, सुजीत सिंह, रवि रंजन ज्योति समेत अन्य कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर विद्या मंदिर जपला में सप्तशक्ती संगम का आयोजन

# पांच माताओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति के माध्यम से समाज में संस्कृति, संस्कार एवं भारतीय परंपराओं को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सप्त शक्ति संगम के प्रांत सह संयोजिका सुशीला, लातेहार जिला संयोजिका गीता, मातृ भारती अध्यक्षा मधुलता रानी, विद्यालय की संयोजिका छाया कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या हर्षदा चौबे ने किया।

आचार्या छाया कुमारी ने उपस्थित माताओं से पंच परिवर्तन–स्वदेशी बोध, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पारिवारिक उत्तरदायित्व एवं संस्कार संवर्धन-को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता सुशीला ने कहा कि माता-पिता को वही अनुशासन स्वयं अपनाना चाहिए, जिसकी अपेक्षा वे अपने बच्चों से करते हैं। अध्यक्षा मधुलता रानी ने समाज निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विशिष्ट योगदान देने वाली पांच माताओं को सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम के दौरान माताओं-बहनों के बीच आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सफल रही दस विजेता माताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में , आचार्या अनिता सिंह,अरुणा पाण्डेय, श्वेता दूबे, उषा कुमारी, सुषमा गुप्ता, अनुराधा मेहता,सहित सभी आचार्य-दीदी जी एवं विद्यालय के कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# फॉग सीजन को लेकर देवघर एयरपोर्ट पर टेबल-टॉप मीटिंग और मॉक ड्रिल आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** आगामी फॉग सीजन को ध्यान में रखते हुए देवघर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को व्यापक तैयारियों के तहत टेबल-टॉप मीटिंग आयोजित की गयी, जिसके पश्चात मॉक ड्रिल का सफल संचालन किया गया। विमानन क्षेत्र में सामान्यतः 10 दिसंबर से 10 फरवरी के बीच घने कोहरे का प्रभाव रहता है, जिससे उड़ानों में देरी, रद्दीकरण एवं डायवर्जन जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इन्हीं संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यह पूर्वाभ्यास किया गया।

हालांकि देवघर एयरपोर्ट पर फॉग के कारण उड़ानों के रद्द होने की संभावना कम रहती है, लेकिन उत्तर भारत के फॉग-प्रभावित हवाई अड्डों के चलते यहां उड़ानों के डायवर्जन की स्थिति बन सकती है। यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो और संचालन सुचारु रहे, इसी उद्देश्य से सभी प्रमुख हितधारकों के साथ यह अभ्यास किया गया। इसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, विभिन्न एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियां, फूड एंड बेवरेज सेवा प्रदाता, एपीएसयू, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भाग लिया।

एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से होटल और टैक्सी सेवाओं पर भी निगरानी रखी जायेगी, ताकि यात्रियों से मनमाना शुल्क न वसूला जाये।

### रांची-गुमला हाइवे पर दिखा खौफनाक मंजर : आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

# बाइक-बोलेरो में टक्कर, 100 मीटर घसीटने के बाद वाहनों में लगी आग, शिक्षक की मौत

- सड़क जाम किये ग्रामीणों को पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों ने समझा-बुझा कर शांत कराया
- सकारात्मक आश्वासन के बाद ढ़ाई घंटे के बाद हटाया गया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



टक्कर के बाद आग लगने से जल चुके दोनों वाहन।

**गुमला।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-23 स्थित रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना अंतर्गत जूरा गांव के समीप शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, हादसे में बोलेरो और बाइक जलकर खाक हो गए। मृतक की पहचान प्रेम कुजूर (55) के रूप में हुई है। वह जूरा गांव का रहने वाले थे। वे सिसई प्रखंड के सकरौली विद्यालय में शिक्षक थे। शुक्रवार की रात अपनी बाइक से जूरा चौक स्थित नए घर से पुराने घर खटवाटोली जा रहे थे। इसी दौरान जूरा चौक के पास एनएच पर बने कट से गुजरते समय रांची की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रेम कुजूर की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद बाइक बोलेरो में फंस गई, जिसे बोलेरो चालक करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए आगे तक ले गया। इससे बोलेरो में आग लग गई और बाइक भी धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते दोनों वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। उधर, हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, भरनो सीओ अविनाश कुजूर, पुलिस इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। जबकि, सीओ ने मृतक के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 10 हजार रुपये नगद सहायता दी। साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने डीसी एवं सीओ के नाम एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी एवं पेंशन देने, नियमानुसार मुआवजा, जूरा चौक के बीच सड़क में बने कट को बंद करने और जूरा चौक-गढ़गांव के पास फुटब्रिज निर्माण की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद लगभग ढाई घंटे बाद जाम हटाया गया। वहीं, देर रात गुमला से अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा, पर तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

# 'कनक ज्वेलर्स' में डेढ़ करोड़ से अधिक के सोने की सुनियोजित चोरी का आरोप

### चार कर्मचारियों पर स्टॉक रजिस्टर में हेराफेरी करने का दावा

- दुकान मालिक ने चारों कर्मियों के खिलाफ थाना में दर्ज करायी एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में विगत दो महीनों से एक बड़े और सुनियोजित तरीके से हेराफेरी किये जाने का पदार्फाश हुआ है। दुकान के मालिक प्रकाश कुमार ने गुमला थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर अपने ही चार कर्मचारियों पर स्टॉक रजिस्टर में बड़े पैमाने पर हेराफेरी कर करीब 650 ग्राम सोना एवं अन्य आभूषण की चोरी करने का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज कराया है। आवेदन के आलोक में प्रकाश कुमार ने बताया कि दुकान के गोल्ड काउंटर पर कार्यरत चार कर्मचारी नवेंदु नाथ सहाय (मैनेजर), संदीप कुमार राम, सतीश तिग्गा और ऊषा कुमारी मिलीभगत से लंबे समय से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। हालांकि चोरी का खुलासा होने के बाद चारों कर्मचारी फरार हैं। दुकान मालिक ने बताया कि मैनेजर नवेंदु नाथ सहाय पिछले 20 वर्षों से दुकान में कार्यरत था। दुकान की पूरी जिम्मेदारी उसी पर थी। आरोप है कि नवेंदु ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड है। उसके बारे में यह भी कहा गया कि वह बरियातू में श्रृंगारिका ज्वेलर्स नामक अपनी दुकान भी चलाता है, जहां चोरी का माल खपाने की आशंका है। दुकान मालिक के अनुसार पुराने रजिस्टर में सभी टैग नंबर, वजन और तिथियों का सही रिकॉर्ड था, लेकिन नए रजिस्टर में व्हाइटनर से असली वजन मिटाया गया है। प्रकाश कुमार ने इसे चोरी, विश्वासघात, जालसाजी और धोखाधड़ी का गंभीर अपराध बताया है। उन्होंने एफआइआर दर्ज कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, स्टॉक की निष्पक्ष जांच और सभी प्रमाणों के आधार पर कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिया से नीचे गिरी बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर



**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना अंतर्गत बेतीं गांव स्थित पुलिया के समीप शनिवार की शाम एक बाइक सवार अंनियंत्रित होकर पुलिस से नीचे गिर गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान संतोष उरांव (22) के रूप में हुई है। वह सालम नवा टोली गांव का रहने वाला था। वहीं, घायल का नाम कार्तिक उरांव (30) है। जानकारी के अनुसार संतोष शनिवार की सुबह ही हिमाचल प्रदेश से कमाकर अपने घर लौटा था। शाम को अपने मित्र कार्तिक उरांव के साथ किसी काम से बाइक से बेतीं गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव पहुंचने से पहले बाइक का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। दोनों सवार पुलिया से नीचे खाई में जा गिरे। हादसा इतना भीषण था कि संतोष उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार्तिक उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से दोनों को विशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। जबकि, घायल कार्तिक उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक गुरदरी पुलिस नहीं पहुंची थी।

# तस्करी पर प्रहार : बजरंग दल ने पशु लदे दो कंटेनर पकड़ पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला जिले में पशु तस्करी लगातार जारी है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण शुक्रवार को फिर से दिखा। यहां रात 10 बजे घाघरा से विशनपुर जाने वाली सड़क पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दो कंटेनरों का पीछा कर उन्हें रोका। बताया कि इन कंटेनरों में पशुओं को क्रूर और अमानवीय तरीके से ठूंसकर लादा गया था। दोनों वाहन उत्तर प्रदेश ले जाए जा रहे थे, जिनमें पशुओं को गुमला थाना क्षेत्र के कतरी सीसी गांव से लादा गया था। सूत्रों की मानें, तो यह वही रूट है जिसके माध्यम से लंबे समय से बड़े पैमाने पर पशु तस्करी की जा रही है। कंटेनर गुमला से चलकर विशनपुर होते हुए लातेहार की ओर बढ़ते हैं। इसके बाद यूपी की ओर चले जाते हैं। कुछ दिन पूर्व लोहरदगा एसपी के नेतृत्व में इसी प्रकार के कंटेनरों को पकड़कर कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद तस्करों ने रूट बदलकर घाघरा मार्ग को अपना नया ठिकाना बना लिया था। इसी बीच रात में संदिग्ध गतिविधि देख बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दोनों कंटेनरों का पीछा कर उन्हें रोक दिया। तुरंत इसकी सूचना घाघरा थाना प्रभारी पुनीत कुमार मिंज को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गई। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र के पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है।

#### मवेशी पकड़नेवालों पर ही मारपीट का मामला दर्ज



घाघरा थाना क्षेत्र में मवेशी जब्त मामले में नया मोड़ सामने आया है। मवेशी लदे वाहन को रोकने और चालकों के साथ मारपीट करने के आरोप में घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस मामले में अजय गुप्ता और निखिल गुप्ता सहित 7 से 8 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार यह प्राथमिकी पशु तस्करी के मामले में सहयोगी बताए जा रहे साबिद खान नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मवेशी वाहन को जबरन रोका गया और वाहन चालकों के साथ मारपीट की गयी। वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं, पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से छानबीन कर रही है।

#### तस्करों के नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि इस तस्करी का संचालन राजोउल नामक व्यक्ति कर रहा था। स्थानीय स्तर पर भी कुछ लोग इस अवैध कारोबार में शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस तस्करों के नेटवर्क खंगालने में जुटी है। इधर, थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने दो कंटेनर पकड़े जाने की पुष्टि की है। इससे अधिक जानकारी देने से मना कर दिया।


# सेवानिवृत्त कर्मी के घर दिनदहाड़े धावा, हथियारबंद अपराधियों ने तीन लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूटे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर से सटे चेटर मुहल्ला में अभिलेखागार के सेवानिवृत्त कर्मी शनिचरवा उरांव के घर शनिवार को दिन दहाड़े दो हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोल दिया। वहां से हथियार का भय दिखाकर कथित रूप से तीन लाख रुपए मूल्य के जेवरात चोरी कर फरार हो गये। घटना के समय शनिचरवा की पत्नी रंजनी किंडो घर में अकेली थी। उसी समय दो अपराधी घर आ धमके और बंदूक उसके सिर पर रख कर नकद पैसा मांगने लगे। इतने में दूसरा अपराधी उसे उसके कमरे में ले गया और आलमारी खुलवा कर पूरा गहना ले उड़ा। पीड़ित परिवार की मानें, तो लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी सवा लाख रुपए लेवी भी मांग कर रहे थे। वे कहते हुए निकले की जल्द आएंगे। सवा लाख रुपए तैयार रखना, नहीं तो जान से मार देगें। इस बाबत शनिचरवा उरांव ने कहा कि घटना के समय घर में नहीं था। काम से कचहरी की ओर गया था। उसी समय घटना घटी है। शनिचरवा ने दावा किया कि करीब चार लाख रुपए के जेवर की लूट हुई है। भुक्तभोगी परिवार ने शनिवार की शाम को गुमला थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने और समान बरामद करने की मांग की है। दूसरी ओर, पीड़ित महिला रजनी किंडो ने बताया कि दोनों अपराधी लूट की घटना को अंजाम देने के बाद दोबारा उसे घर आए और जान से मारने का भी प्रयास किया। हालांकि उसने अपराधियों से बचने के लिए काफी संघर्ष किया। ऐसा नहीं करती, तो अपराधी उसे गोली मार देते। दूसरी ओर, थाने में शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है।

# चैनपुर सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही चरम पर, लोग परेशान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एक बार फिर अपने कर्मियों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर सवालों के घेरे में है। शनिवार को स्थिति यह रही कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर तो उपस्थित थे, लेकिन जन्म प्रमाण पत्र निर्माण और आयुष्मान भारत कार्ड से जुड़े कर्मी नदारद रहे। जिस कारण दूर-दराज से आए ग्रामीण बिना काम हुए खाली हाथ लौटने को मजबूर हुए। ग्रामीणों का कहना है कि वे सुबह से ही सीएचसी में इंतजार करते रहे, लेकिन संबंधित काउंटर बंद मिले। न तो जन्म प्रमाण पत्र बना ना ही आयुष्मान कार्ड की प्रक्रिया शुरू हुई। इस संबंध में चैनपुर के चिकित्सा प्रभारी धनु राज सुब्रहरु से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि कौन उपस्थित और कौन कर्मी अनुपस्थित था। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि, चिकित्सा प्रभारी के इस बयान से सवाल उठ रहे हैं कि जब एक प्रखंड के चिकित्सा प्रभारी को ही अपने अधीनस्थ कर्मियों की उपस्थिति-अनुपस्थिति की जानकारी नहीं है, तो स्वास्थ्य विभाग में सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## केवाइसी के नाम पर डीलर को पैसा नहीं देने की अपील

**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** सेरका पंचायत के पीटीजी एवं अन्य राशन कार्डधारियों ने पंचायत डीलर द्वारा केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत के नेतृत्व में शनिवार को बीडीओ सह प्रभारी एमओ सुलेमान मुंडरी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सेरका पंचायत के डीलर राजबली उरांव पर प्रत्येक लाभुक से 50 रुपये लिए जाने की शिकायत करते हुए उक्त राशि अविलंब वापस कराने की मांग की। उधर, मामले की जानकारी मिलते ही बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवाइसी के नाम पर किसी भी स्थिति में डीलर को पैसा ना दें। यदि कोई डीलर जबरन राशि की मांग करता है तो इसकी तुरंत शिकायत प्रखंड कार्यालय में करें। बीडीओ ने सेरका के डीलर को निर्देश दिया कि वह 25 दिसंबर तक सभी लाभुकों से ली गई राशि वापस करें। निर्धारित समय तक पैसा वापस नहीं करने पर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लाभुकों से कहा कि सभी को समय पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। आगे राशन वितरण की प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता लाई जाएगी।

## बीज दुकान का उद्घाटन, किसानों को सस्ते दाम पर गुणवत्तापूर्ण बीज मिलेगा

**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** आइएसडीजी संस्था की ओर से संचालित विशुनपुर हरियाली फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में शनिवार को मुख्यालय के सत्संग भवन के समीप एक बीज दुकान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ सुलेमान मुंडारी ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी है। कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध होने से किसानों की उत्पादन लागत घटेगी और पैदावार में भी बढ़ोतरी होगी। किसान यदि उन्नत बीजों का उपयोग करें तो निश्चित रूप से उनकी आमदनी बढ़ेगी। बीज दुकान की शुरूआत से क्षेत्र के किसानों को अब बीज के लिए दूर-दराज के बाजारों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर सेरका की मुखिया जयमंती देवी, कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स सुनीता उरांव एवं जमुना भगत, संस्था के प्रतिनिधि प्रभु साह, नीरज गोप, सुभाष घोष आदि उपस्थित रहे।

# लैंप्स में धान बेचने पर मिलेगा 24.50 रुपये प्रति किलो मूल्य

### बीडीओ ने किसानों को किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों और कितम बाजार में व्यापक दौरा कर बीडीओ यादव बैठा ने शनिवार को किसानों को धान की बिक्री लैम्प्स में करने के लिए जागरूक किया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य 24.50 रुपये प्रति किलोग्राम मिल सके। इस दौरान बीडीओ ने निजी धान खरीदारों को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई किसान उन्हें धान बेचता है तो खरीदार को अनिवार्य रूप से 24.50 रुपये प्रति किलोग्राम का मूल्य देना होगा। सभी धान खरीदने वाले दुकानदारों को अपनी दुकान में एक पंजी (रजिस्टर) रखना होगा। इस पंजी में धान बेचने वाले किसानों का नाम, संपर्क नंबर और बेचे गए धान की मात्रा (वजन/किलोग्राम) का विस्तृत रिकॉर्ड रखना आवश्यक है। बीडीओ ने चेतावनी दी कि वरीय अधिकारियों द्वारा किसी भी समय इस रिकॉर्ड की अचानक जांच की जा सकती है। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। निजी खरीदारों को निर्देश देने के साथ ही बीडीओ ने मौके पर उपस्थित किसानों को भी जागरूक किया। किसानों से अपील की कि वे अपनी धान को सहकारी संस्था लैम्प्स में बेचें जहां उन्हें सरकार की ओर से निर्धारित सही कीमत मिल सकेगी। इस जागरूकता अभियान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का अधिकतम लाभ प्राप्त हो।

## डॉ संदीप आज गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने दी। उन्होंने बताया कि समय पर पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## सड़क चौड़ीकरण में मनमानी

**भरनो (आजाद सिपाही)।** सड़क चौड़ीकरण कार्य में लगी आरकेडी कंपनी मनमाने काम को लेकर सुर्खियों में है। एक काम को पूरा किये बिना, दूसरे काम को करना इस कंपनी की आदत बन गयी है। बतातें चलें कि स्कूल चौक के पास सर्विस रोड का काम अभी भी अधूरा है। बावजूद इसके आरकेडी कंस्ट्रक्शन के कर्मियों द्वारा ग्रामीणों के मना करने के बाद भी पिलर को खड़ा कर रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे लोग गलत दिशा से आना-जाना करने को मजबूर हैं।

## स्वच्छ घाघरा-हरित घाघरा अभियान को मिली नयी गति, छठ घाट में हुई बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ घाघरा-हरित घाघरा अभियान को लेकर शनिवार को छठ घाट परिसर में जरूरी बैठक हुई। जिसमें सीओ खाखा सुशील कुमार, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, मुखिया योगेंद्र भगत सहित घाघरा के प्रबुद्ध नागरिक, जन समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य घाघरा को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। इस दौरान स्वच्छता को लेकर गंभीर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से स्वच्छ घाघरा-हरित घाघरा समिति का गठन किया गया। जिसके सदस्यों ने पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्णय लिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और खुले में कचरा नहीं फेंकने की अपील करेंगे। साथ ही एक व्यवस्थित कचरा संग्रहण व्यवस्था लागू करने की योजना बनाई गई, जिसके तहत घर-घर से कचरा एकत्र कर शहर से बाहर निर्धारित स्थल पर भेजा जाएगा। इसके लिए आमजन के सहयोग को बेहद आवश्यक बताया गया। सीओ ने बैठक में सख्त रुख अपनाते हुए सड़क पर पानी बहाने वालों को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि यदि सड़क पर पानी बहाना बंद नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सड़क तक अतिक्रमण कर झोपड़ी या अन्य निर्माण करने वालों को भी चेताया गया। वहीं, बैठक में उपस्थित महिलाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंत में सभी ने एक स्वर में घाघरा को स्वच्छ, हरित और आदर्श नगर बनाने का संकल्प लिया। मौके पर उप प्रमुख शिबा देवी, आशीष कुमार सोनी, अमित ठाकुर, मनोज साहू, अजय गुप्ता, राजू सिंह तोमर, ओम मिशेष मिश्रा, सालावंती देवी, अलका देवी, जानकी देवी, कांता देवी आदि उपस्थित थे।

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 • Pin Code - 835207

आवश्यक सूचना

श्री सुखदेव राम, सेवा निवृत प्रधान लिपिक, ग्राम—भदौली, पो0—सिसई, थाना—सिसई, जिला—गुमला, झारखण्ड आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1516 दिनांक 26.07.2022, पत्रांक 1547 दिनांक 30.07.2022, पत्रांक 1656 दिनांक 10.08.2022, दिनांक 13.09.2022, दिनांक 17.10.2022, दिनांक 04.11.2022 एवं पत्रांक 381 दिनांक 15.02.2023 के दैनिक समाचार पत्रों द्वारा पेंशन प्रपत्र Online समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था। किन्तु अब—तक आप के द्वारा अपना पेंशन प्रपत्र Online समर्पित नही किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है, जिसके कारण आपका पेंशन / उपादान की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव महालेखाकार झारखण्ड, राँची को नहीं भेजा जा सका है।

अतः पुनः आपको दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर प्रमंडलीय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पेंशन प्रपत्र Online करायें। अन्यथा आपके द्वारा दायर वाद सं0 W.P. (S) No. 977 of 2022के क्रम में इसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची को भेज दी जायेगी।

:—वन है,तो जीवन है—:

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल, गुमला।

PR 368480 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

# बिचौलियों के झांसे में नहीं आयें किसान धान क्रय केंद्र पर ही करें बिक्री: उपायुक्त

**समर्थन मूल्य 2450 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित**

**जिले के विभिन्न प्रखंडों में धान क्रय कार्य 15 दिसंबर से होगा शुरू, स्थापित किए गये हैं 17 धान क्रय केंद्र**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले में धान क्रय कार्य की शुरूआत को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। इस बैठक में जिले के सभी संबंधित पैक्स संचालक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के प्रतिनिधि एवं मिलर उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी धान क्रय सत्र को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाना रहा। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी ऋतुराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मो. साहिद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने धान क्रय के लिए चिन्हित पैक्सों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय के दौरान किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये। पैक्स संचालक धैर्य एवं पेशेवर तरीके से धान की खरीदारी करें। तौल, गुणवत्ता जांच और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाये। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में धान क्रय कार्य 15 दिसंबर से प्रारंभ किया जायेगा। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 17 धान क्रय केंद्र स्थापित किये गये हैं। इन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं, ताकि किसानों को अपनी धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

किसानों की सहूलियत को देखते हुए विभाग ने इस वर्ष एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस बार धान का सत्यापन कार्य सप्ताह भर में पूरा किया जायेगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होते ही किसानों को धान की पूरी राशि एक साथ सीधे उनके बैंक खाते में भुगतान की जायेगी। उपायुक्त ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान अधिकृत धान क्रय केंद्रों पर ही अपनी धान की बिक्री करें और किसी भी प्रकार के बिचौलियों के झांसे में नहीं आएं। जिले में धान अधिप्राप्ति केंद्रों की सूची में गायछंदा पैक्स लिमिटेड, पोटसो पैक्स लिमिटेड, तिलैया पैक्स लिमिटेड, बारीड़ारी पैक्स लिमिटेड, राधा नगर पैक्स लिमिटेड, सिंहपुर पैक्स लिमिटेड, हिसीम पैक्स लिमिटेड, बागदा पैक्स लिमिटेड, साबड़ा पैक्स लिमिटेड, चंदनकियारी एफपीओ, तेलो एफपीओ, बुंडू पैक्स लिमिटेड, अराजू पैक्स लिमिटेड, पेंक पैक्स लिमिटेड, सतनपुर पैक्स लिमिटेड, मधुकरपुर पैक्स लिमिटेड और लुगूबुरु एफपीओ शामिल हैं।

## उपायुक्त के आदेश पर टीम ने 9 प्रखंड में किया निरीक्षण



बोकारो (आजाद सिपाही) । शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिले के वरीय पदाधिकारियों की टीम ने जिले के सभी नौ प्रखंडों के प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), जन वितरण प्रणाली दुकान (पीडीएस), आंगनबाड़ी केंद्र/विद्यालय आदि का एक साथ निरीक्षण किया। उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड के चाकुलिया पंचायत अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने जरीडीह प्रखंड के अराजू पंचायत निदेशक डीआरडीए मेनका ने चंद्रपुरा प्रखंड के कुरूंबा पंचायत डीटीओ मारूति मिंज ने पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ंडा ने चंदनकियारी प्रखंड के कालिकापुर पंचायत उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद सिन्हा ने बेरमो प्रखंड के बैदकारो पं पंचायत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा ने कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत डीपीआरओ मो. सफीक आलम ने गोमिया प्रखंड के लौधी पंचायत और एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ने नावाडीह प्रखंड के परसबनी पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने आम जनता के लंबित मामलों और सेवा वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंचना चाहिए।

## दुकानदार दोस्त करते हैं हर साल कंबल वितरित



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो में दुकानदारों द्वारा एक अनोखी पहल अपनाई जा रही है जो हर साल गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मदन सिंह, विनोद, दुर्गा खाजा, अर्चना स्टील एवं सुनिल यह सभी दोस्त आपस में मिलकर ठंडी के मौसम में 100 कंबल का वितरण किया। यह वितरण सिटी सेंटर के हर्षवर्धन प्लाजा के समीप किया गया। मदन सिंह ने बताया कि हम सभी लोग 5 सालों से सहयोग के रूप में कंबल का वितरण करते हैं।

## कांग्रेस नेता ने निगम की कार्रवाई से बचने के लिए लिया धर्म का सहारा

धनबाद (आजाद सिपाही)। पुराना बाजार रेलवे सिनेमा रोड स्थित कांग्रेसी नेता उपेंद्र सिंह के निजी कार्यालय को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। अवैध अतिक्रमण के मामले में नगर निगम द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद कार्यालय के बाहर लगा कांग्रेस पार्टी का बोर्ड हटाकर मंदिर समिति का नया बोर्ड लगा दिया गया है। इस घटनाक्रम को निगम की कार्रवाई से बचने की कथित कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार उपेंद्र सिंह का यह निजी कार्यालय पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़ा बताया जाता रहा है और दीवार पर पार्टी का बोर्ड भी लगा हुआ था। जैसे ही नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण की जांच प्रारंभ की इसी बीच कार्यालय की पहचान बदलते हुए कांग्रेस का बोर्ड हटाकर मंदिर समिति का बोर्ड लगा दिया गया। लोगों का कहना है कि उपेंद्र सिंह की यह कोशिश प्रशासन की जांच को भ्रमित करने और कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से की गयी है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राजनीतिक पहचान हटाकर धार्मिक संस्था का नाम सामने लाना केवल नियमों से बचने का प्रयास है। फिलहाल उपायुक्त के आदेश पर नगर निगम द्वारा उपेंद्र सिंह के निजी कार्यालय के खिलाफ अवैध अतिक्रमण की जांच जारी है। जांच के बीच बोर्ड बदले जाने की घटना से कांग्रेस पार्टी की भी किरकिरी हो रही है जो राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# केंदुआ में गैस रिसाव के विरोध में ग्रामीणों का विशाल मशाल जुलूस

**बीसीसीएल पर लापरवाही का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** केंदुआडीह क्षेत्र में पिछले करीब 13 दिनों से जारी गैस रिसाव की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार को सड़कों पर दिखाई दिया। गैस रिसाव को रोकने के लिए बीसीसीएल द्वारा ठोस और प्रभावी पहल नहीं किए जाने के विरोध में केंदुआ क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक विशाल मशाल जुलूस निकाला।

इस मशाल जुलूस में केंदुआडीह की राजपूत बस्ती, मुस्लिम बस्ती, नया बाजार, करकेंद, पासी-दौड़ा, खैरा, अल्कुसा और गोधर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तेरह दिनों से वे भयावह हालात में जीवन जीने को मजबूर हैं। आरोप है कि बीसीसीएल द्वारा किये गये अवैज्ञानिक और गलत खनन कार्यों के कारण इलाके में जहरीली गैस का लगातार रिसाव हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, इस गैस रिसाव के कारण अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है, जबकि 50 से अधिक लोग उल्टी, सिरदर्द, बेहोशी और अन्य गंभीर लक्षणों से पीड़ित होकर इलाज करा चुके हैं। गैस का दुष्प्रभाव पशु-पक्षियों पर भी साफ तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल और डीजीएमएस पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी लापरवाही से ग्रामीणों के जीवन पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते गैस रिसाव पर काबू नहीं पाया गया तो इसका असर केंदुआ क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है, जिससे व्यापक जनजीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है।

शनिवार को निकाला गया यह विशाल मशाल जुलूस केंदुआडीह चिल्ड्रेन पार्क से शुरू होकर गोधर मोड़ होते हुए करकेंद मोड़ तक गया। जुलूस में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग हजारों की संख्या में शामिल हुए और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए एकता का संदेश दिया।

# महुदा इंटर महाविद्यालय की बैठक में हंगामा, नारेबाजी से उठे गंभीर सवाल

**16 दिसंबर को शासी निकाय की बैठक में 9 सूत्री मांगों पर होगा फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा ।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले महुदा इंटर महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक उस समय विवादों में घिर गयी, जब भ्रष्टाचार और कर्मियों के शोषण से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा के दौरान हंगामा, तीखी बहस और राजनीतिक नारेबाजी होने लगी। शासी निकाय के अध्यक्ष सह बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, बाघमारा अंचल अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक का इस तरह बाधित होना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह भी प्रश्न खड़ा करता है कि क्या अब शिक्षण संस्थान भी राजनीतिक अखाड़ा बनते जा रहे हैं? महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, बर्खास्त व्याख्याता, द्वारपाल एवं महिला सफाईकर्मी सहित अन्य कर्मियों के शोषण के विरोध में प्रो सुरेश रजक व द्वारपाल द्वारा दिये गये आमरण अनशन को 9 सूत्री मांगों पर सहमति के बाद समाप्त किया गया था। इसी के तहत आयोजित इस बैठक में धरनार्थियों के प्रतिनिधिमंडल को तीखी बहस के बाद बाहर आना पड़ा। स्थिति तब और गंभीर हो गयी, जब बैठक के दौरान कुछ लोगों द्वारा 'विधायक जिंदाबाद' के नारे लगाये गये। इस घटना ने संस्थान की कार्यप्रणाली और गिरते शैक्षणिक स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि बाद में शासी निकाय अध्यक्ष की अध्यक्षता में धरनार्थियों से पुनः वार्ता की गयी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में फैली अनियमितताओं एवं 9 सूत्री मांगों पर अंतिम निर्णय हेतु 16 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। अब शिक्षकों, कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों की निगाहें इस बैठक पर टिकी हैं।

# दम तोड़ती गरगा और स्वर्णरेखा को बचाने के लिए राजभवन में गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड की जीवनरेखा कही जाने वाली स्वर्णरेखा नदी और बोकारो की पहचान गरगा नदी (गर्ग-गंगा) के अस्तित्व पर मंडराते खतरे को लेकर आज स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान का एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन (लोकभवन) पहुंचा। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर नदियों की बदहाली पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

**गंदे नाले में तब्दील हो रही गरगा नदी :** राज्यपाल संतोष गंगवार को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए महासचिव मुकुल ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र की कॉलोनियों और चास नगर निगम के गंदे नालों के सीधे प्रवाह ने गरगा नदी को एक विषैले नाले में बदल दिया है। नदी का पानी न केवल काला हो चुका है, बल्कि इससे आने वाली दुर्गंध ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। उन्होंने चिंता जताई कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन को कई बार सूचित करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**अतिक्रमण की मार और पौराणिक महत्व :** प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भू-माफियाओं और रसूखदारों ने नदी के तटों पर अवैध कब्जा कर लिया है। गरगा नदी के पौराणिक महत्व का जिक्र करते हुए बताया गया कि यह नदी ऋषिश्रेष्ठ गर्ग मुनि के तपोबल से उत्पन्न 'गर्ग-गंगा' है, जिसका संबंध भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े अनुष्ठानों से है। आज इस पवित्र नदी का अस्तित्व भू-माफियाओं और प्रदूषण की भेंट चढ़ रहा है।

**स्वर्णरेखा की स्थिति भी दयनीय :** संस्थान ने स्वर्णरेखा नदी की दुर्दशा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस नदी की रेत से कभी सोना निकलता था, आज राजधानी रांची में ही वह इतनी प्रदूषित है कि लोग उसमें पैर रखने से भी कतराते हैं। सरकारी तंत्र की उदासीनता के कारण राज्य की अन्य नदियों का भविष्य भी अंधकारमय नजर आ रहा है।

**प्रतिनिधिमंडल का विवरण:** इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के साथ प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा और महिला संगठक दिव्या शामिल रहीं। इन सभी सदस्यों ने एक स्वर में नदियों के संरक्षण को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप की अपील की।

**राज्यपाल संतोष गंगवार का आश्वासन**

राज्यपाल ने मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नदियों के प्रदूषण की जांच कराई जाएगी और इस दिशा में कानून सम्मत सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# बोकारो में जल्द बनेगा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** इस्पात कारखाना विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान रखने वाले बोकारो को जल्द ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मिलेगा और इसके जरिए बोकारो की एक नई पहचान बनेगी। इससे जहां बोकारो के औद्योगिक माहौल को गति मिल सकेगी, वहीं उत्पादन और व्यावसायिक माहौल भी विकसित होगा और इसी के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के बोकारो में आने से जिस तरह का सपना और संभावनाएं देखी जा रही है, वह आने वाले भविष्य की खुशहाली का सपना है। वह आने वाले भविष्य का स्वर्णिम सपना है। बोकारो में अमृतसर कोलकाता औद्योगिक गलियारा प्रस्तावित है और इसका काम जमीन अधिग्रहण के स्तर पर चल रहा है। सरकार के स्तर से इसकी स्थापना को लेकर पहल की जा रही है। आम लोगों की इस गलियारा से अपेक्षा भी है, क्योंकि यह न केवल देश के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि बोकारो का भविष्य भी होगा। बोकारो स्टील प्लांट और डालमिया सीमेंट के सहयोग से दीक्षा वैसे बच्चों को स्किल डेवलप कर रही है, जो जरूरतमंद है और अपने हुनर के अवसर ढूंढ रहे थे। अब अवसर मिला है और लोग यहां से पारंगत होकर अपना हाथ जगन्नाथ पर भरोसा भी कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम को आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर सुकुमार मिश्रा की विशेष उपस्थिति भी होगी तथा बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा भी इसमें अपने हिस्सेदारी भागीदारी के साथ जिला प्रशासन की पहल से अवगत करायेंगे। इस हालत में ठहरे हुए बोकारो को गति देने का इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एक बड़ा माध्यम बन सकता है। इस ओर सब की निगाहें टिकी हुई है।

# नेशनल लोक अदालत में तीन लाख 70 हजार 521 विवादों का निपटारा

**एक अरब 81 करोड़ 36 लाख 68 हजार 605 रुपये की रिकवरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद ।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का शनिवार को दुमका से ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश त्रलोक सिंह चौहान ने किया इस मौके पर दुमका में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनंदा सेन, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। वहीं धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन बालकृष्ण तिवारी ने इस मौके पर धनबाद मे आयोजित समारोह में मौके पर लाभुकों को मुआवजाा का चेक प्रदान किया।

**तीन लाख 70 हजार 521 विवादों का निपटारा :** नेशनल लोक अदालत में कुल 36 लाख 70 हजार 521 विवादों का निपटारा कर रेकॉर्ड एक अरब 81 करोड़ 36 लाख 68 हजार 605 रुपये की रिकवरी की गयी। जिसमें 38 हजार 873 ऐसे मुकदमे थे जो विभिन्न अदालतों में लंबित थे। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

मौजूद पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष,जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, बीकेश, कमलेश कुमार शुक्ला, विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रफुल्ल कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सेल ने अप्रैल से नवंबर 2025 के दौरान बिक्री में दर्ज की मजबूत वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नवंबर 2025 में बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27% वृद्धि हासिल की। नवंबर 2025 में रिटेल बिक्री में उल्लेखनीय 69% की वृद्धि दर्ज हुई और यह 0.14 मिलियन टन (एमटी) रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.084 एमटी थी। इस मासिक गति पर आगे बढ़ते हुए, सेल ने अप्रैल-नवंबर 2025 की अवधि में मजबूत समग्र प्रदर्शन दर्ज किया, जिसमें कुल 12.7 एमटी बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 11.1 एमटी की तुलना में 14% की वृद्धि है।

अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान रिटेल चैनल बिक्री भी काफी मजबूत रही, जो 0.97 एमटी रही और पिछले वर्ष की इसी अवधि के 0.86 एमटी की तुलना में 13% वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने यह भी जोड़ा कि यह वृद्धि चल रहे राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों से समर्थित है।

## बीएसएल में 'स्पर्श-वेलफेयर वॉक : केयर एंड कनेक्ट' का आयोजन

बोकारो स्टील प्लांट में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की सहभागिता, कल्याण तथा कार्यस्थल सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'स्पर्श - वेलफेयर वॉकः केयर एंड कनेक्ट' पहल के अंतर्गत एसएमएस-न्यू विभाग में वेलफेयर वॉक का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मियों से उनके कार्यस्थल पर सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, मौजूदा कार्य एवं कल्याण सुविधाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना तथा सुधार की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएसझ्रन्यू) पीवी राव, महाप्रबंधक प्रभारी (एचआर-वर्क्स) वी एम बक्शी, महाप्रबंधक (सीईडी) एके अविनाश, महाप्रबंधक (एचआरझ्रवर्क्स) सुशांत शिशिर, तथा वरीय प्रबंधक (एचआर-वर्क्स) रीतिका शुक्ला सहित एसएमएस-न्यू एवं एचआर विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।
(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
Email-dwo.koderma@gmail.com
आम सूचना

छात्रवृति भुगतान की कार्रवाई के क्रम में पाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के कुछ छात्र–छात्राओं का आधार **Inactive** रहने के कारण छात्रवृति भुगतान की अग्रतर कार्रवाई नही हो पा रही है।

अतः वैसे सभी छात्र–छात्राओं जिनका आधार **Inactive** है वे अपना आधार से **Seeding/ NPCI Mapping** कराना सुनिश्चित करेंगें ताकि छात्रवृति का भुगतान ससमय किया जा सके।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 368471 Welfare(25-26)D

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,राँची, झारखण्ड।
(जिला शस्त्र शाखा)
प्रेस विज्ञप्ति

रांची जिर्लान्तर्गत 02 (दो) से अधिक शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को सूचित किया जाता है कि अपने नाम से धारित दो से अधिक शस्त्र रखना **Arms Act** के तहत् वैद्य नहीं है एवं गैर कानूनी है।

अतः निदेश दिया जाता है कि 10 (दस) दिनों के अंदर अपना अतिरिक्त शस्त्र को जमा/ बिक्री करते हुए उसकी सूचना जिला शस्त्र शाखा, रांची (ब्लॉक A कमरा संख्या–210) में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अन्य माध्यम से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा आपके शस्त्र अनुज्ञप्ति के सबंध में ARMS ACT के तहत् विधि सम्मत् कार्रवाई की जाएगी।

जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
रांची।


PR 368511 (District) 25-26 (D)

## मनरेगा अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना'

# काम के दिनों की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट का नाम अब पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना होगा। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने योजना का नाम बदलने और काम के दिनों की संख्या बढ़ाने वाले बिल को मंजूरी दे दी। सूत्रों के हवाले से बताया कि काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ा कर 125 दिन कर दी जायेगी।



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम को मनरेगा या नरेगा के नाम से जाना जाता है। यह सरकार की एक खास स्कीम है, जिसका मकसद ग्रामीण इलाकों में परिवारों की रोजी-रोटी की सुरक्षा बढ़ाना है। इसके तहत हर उस परिवार को एक फाइनेंशियल ईयर में कम से कम 100 दिनों की गारंटी वाली मजदूरी वाला काम दिया जाता है, जिसके बड़े सदस्य बिना हुनर का काम करने के लिए अपनी मर्जी से तैयार होते हैं। इसे 2005 में लागू किया गया था।

**नाम बदलने का तर्क समझ नहीं आता – प्रियंका गांधी :** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें मनरेगा योजना का नाम बदलने के फैसले के पीछे का तर्क समझ नहीं आता, जिससे फिजूल खर्च होता है। उन्होंने कहा- मुझे समझ नहीं आता कि इसके पीछे क्या मानसिकता है। सबसे पहले, यह महात्मा गांधी का नाम है, और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के संसाधन फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, सब कुछ का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ी, महंगी प्रक्रिया है। तो ऐसा करने का क्या फायदा है?

**मोदी सरकार ने हमारी 32 योजनाओं के नाम बदले–कांग्रेस :** कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत ने मनरेगा का नाम बदले जाने पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का नाम बदल कर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार स्कीम रखा है। इसी मनरेगा को मोदी कांग्रेस की विफलताओं का पुलिंदा बताते थे लेकिन असलियत यह है कि यही मनरेगा ग्रामीण भारत के लिए संजीवनी साबित हुआ। कांग्रेस की स्कीमों का नाम बदल कर उनको अपना बना लेने की मोदी की यह लत बड़ी पुरानी है यही तो किया है उन्होंने 11 साल, यूपीए की स्कीमों का नाम बदल अपना ठप्पा लगा कर पब्लिसिटी करना। सुप्रिया ने एक्स पर उन योजनाओं के नाम शेयर किए हैं, जिन्हें कांग्रेस ने शुरू किया था।

# पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नये अध्यक्ष होंगे

- पता चला तो मां खुशी से रोने लगीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नये अध्यक्ष होंगे। शनिवार को उन्होंने लखनऊ में भाजपा कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। चौधरी के अलावा किसी और ने नामांकन नहीं किया। ऐसे में पीएम मोदी-अमित शाह के करीबी चौधरी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय है। सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत 10 नेताओं ने चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। अब रविवार को लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नये अध्यक्ष के नाम का ऐलान करेंगे।



इधर, गोरखपुर में पंकज चौधरी की मां को बेटे के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की बात पता चली, तो वह भावुक हो गयीं। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। रोते हुए कहा- बेटा आगे बढ़े, यही आशीर्वाद है। इससे पहले, दोपहर ढाई बजे तक यूपी भाजपा अध्यक्ष के नाम पर सस्पेंस बना रहा। सुबह 11 बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति पार्टी दफ्तर पहुंचीं तो अचानक हलचल तेज हो गयी थी, जब साध्वी से नये अध्यक्ष को लेकर सवाल किया तो वह मुस्कुराने लगीं। बोलीं- थोड़ी देर में सबकुछ सामने आ जायेगा। डेढ़ बजे पंकज चौधरी दिल्ली से लखनऊ पहुंचे, तो उन्होंने सस्पेंस और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि अभी पार्टी दफ्तर जा रहा हूं, बाद में पता चलेगा। हालांकि, कुछ देर बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पहली बार बिना नाम लिए नये प्रदेश अध्यक्ष का खुलासा किया।

उन्होंने कहा कि नये अध्यक्ष 7 बार सांसद रहे हैं। वे अपने समाज में भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने पार्टी में अहम जिम्मेदारी निभायी है। स्वतंत्र देव का स्पष्ट इशारा पंकज चौधरी की तरफ था। पंकज चौधरी योगी के गढ़ गोरखपुर से हैं। वह महाराजगंज से 7 बार के सांसद हैं। ओबीसी की कुर्मी बिरादरी से आते हैं। यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति 15 जनवरी 2025 को होनी थी, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव तो कभी यूपी उपचुनाव और फिर बिहार चुनाव के चलते मामला लटकता चला गया।

# केरल के निकाय चुनाव में एनडीए को बड़ी कामयाबी

- शशि थरूर जहां से सांसद, वहां एनडीए निकाय चुनाव जीता
- तिरुवनंतपुरम के 101 वार्डों में से 50 पर जीत

आजाद सिपाही संवाददाता




**तिरुवनंतपुरम।** केरल के निकाय चुनाव में एनडीए को बड़ी कामयाबी मिली है। गठबंधन ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में से 50 वार्डों पर जीत दर्ज की है। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा है। एलडीएफ 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) को 19 वार्डों में विजय मिली है। 2020 में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में एलडीएफ ने 52 वार्ड जीते थे। भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए को 33 वार्ड मिले थे और यूडीएफ ने 10 वार्डों में जीत हासिल की थी। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता है। केरल के 1,199 स्थानीय निकायों के लिए सुबह 8 बजे से मतगणना जारी है। यहां दो फेज 9 और 11 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। चुने गये पंचायत सदस्यों और नगर पालिका पार्षदों, कॉर्पोरेशन पार्षदों का शपथ ग्रहण 21 दिसंबर को होगा। सांसद शशि थरूर ने लिखा कि जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। चाहे वह कुल मिलाकर यूडीएफ के लिए हो या उनके निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के लिए।

**पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार जीत पर मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक धन्यवाद। आज का दिन केरल में कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के कार्य और संघर्षों को याद करने का है, जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम किया। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं और हमें उन पर गर्व है।

# इंडिगो की मोनोपॉली की सीसीआइ जांच करेगी

- ताकत के गलत इस्तेमाल का आरोप
- एविएशन सेक्टर में 65% हिस्सेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइन की मोनोपॉली (एकतरफा दबदबा) अब जांच के दायरे में आ गयी है। देश में निष्पक्ष कारोबार पर नजर रखने वाली संस्था कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआइ) जांच कर रही है कि क्या देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने मोनोपॉली बनाये रखने के लिए प्रतिस्पर्धा के नियमों का उल्लंघन किया है। इंडिगो संकट कॉम्पिटिशन एक्ट की धारा 4 का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। इसके मुताबिक कोई कंपनी अपनी धाक के बल पर मनमानी कीमत नहीं वसूल सकती और सेवाओं को मनमाने तरीके से संचालित कर कस्टमर्स को ब्लैकमेल नहीं कर सकती। कॉम्पिटिशन कमीशन अंदरूनी तौर पर इंडिगो की मोनोपॉली वाली स्थिति, खास रूट्स पर दबदबे और गलत इस्तेमाल जैसे कई पहलुओं पर छानबीन कर रहा है। किराया बढ़ाने का मामला अगर साबित होता है, तो आयोग जांच का आदेश देगा। इधर, इंडिगो की स्पोक्सपर्सन ने शनिवार को बताया कि हम 3, 4 और 5 दिसंबर की उन उड़ानों की सूची बना रहे हैं, जिनमें यात्रियों को भारी परेशानी हुई और वे हवाई अड्डों पर फंस गये थे। ऐसी सभी उड़ानों के यात्रियों से जनवरी में सीधे संपर्क किया जायेगा, ताकि उन्हें मुआवजा आसानी से दिया जा सके।

# ऐतिहासिक होगी 'वोट चोर-गद्दी छोड़ो' महारैली : शशि भूषण राय

## दिल्ली के रामलीला मैदान से लोकतंत्र की रक्षा के लिए उठेगी आवाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली ऐतिहासिक 'वोट चोर-गद्दी छोड़ो' महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। झारखंड से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस महारैली में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे।



राहुल गांधी ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे को तेज किया है, जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी ने देश भर में वोट चोरी की है और इसके सबूत उनके पास हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमारा नारा 'वोट चोर, गद्दी छोड़' साबित हो गया है। हम इसे बार-बार साबित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने देश के गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के अधिकारों को छीना है

राहुल गांधी ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने चुनाव में धांधली की है और मतदाताओं को डराया-धमकाया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है और वे वोट चोरी करने में लगे हुए हैं। महारैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी रामलीला मैदान पहुंचे। उनके साथ शशिभूषण राय, आलोक दुबे, लालकिशोर नाथ सहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, कुमार राजा एवं मुकेश पासवान मौजूद थे।

इस महारैली में कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए एकत्र होंगे। कांग्रेस की इस महारैली में देश भर से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की संभावना है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को पाकिस्तान से खतरा, गृह मंत्रालय ने सुरक्षा बढ़ायी

- भोपाल-दिल्ली आवास के सामने एक्स्ट्रा बैरिकेडिंग की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से जान का खतरा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को उन पर हमले का इनपुट मिला है। जिसके बाद शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली में शिवराज के आवास पर सुरक्षा और बढ़ा दी गयी। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास




के चारो तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की है। दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ायी गयी है।

गृह मंत्रालय ने लेटर जारी कर शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ाने को कहा था। इसमें कहा गया है कि आईएसआई केंद्रीय कृषि मंत्री के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। जिसके बाद इसे और सख्त कर दिया गया है।

**जेड प्लस मिलने के बाद अब अतिरिक्त सुरक्षा :** शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेड+ श्रेणी की सुरक्षा में हैं। इसके बावजूद गृह मंत्रालय को नये इनपुट मिलने के बाद केंद्र ने एमपी डीजीपी, दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) और एमपी के मुख्य सचिव को सुरक्षा पुख्ता करने का निर्देश भेजा है।

## बांग्लादेश में हसीना विरोधी पर फायरिंग


**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी को राजधानी ढाका में शुक्रवार को गोली मार दी गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादी इस्लामी संगठन इंकलाब मंच के प्रवक्ता हैं और चुनाव में ढाका से निर्दलीय उम्मीदवार हैं। वह रिक्शे पर जा रहे थे तभी बाइक सवार हमलावर ने उन्हें गोली मार दी। बांग्लादेश में 11 दिसंबर को चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ था। इसके एक ही दिन बाद यह हमला हुआ। हादी को तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके सिर में गोली लगी और हालत बेहद नाजुक है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**